हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 26 जनवरी 2025

26 गणतंत्र दिवस

HAPPY REPUBLIC DAY

## हरिभूमि
परिवार की ओर से समस्त प्रदेश वासियों को
# गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं ...

26 जनवरी

Symbol of Trust
at
Since 1957
AT PALACE
KOTWALI CHOWK

at BUILDCON PRIVATE LIMITED

अनोपचंद तिलोकचंद
ज्वेलर्स प्रा.लि.

at Since 1957
Classic
Beyond All Expectations !

हम गढ़ते है विश्वास
SUMEET JEWELLERS
RAIPUR | DURG | RAJIM
RAJNANDGAON

Shri Ganesha
SINCE 1974
WE MAKE YOUR LIFE COLOURFUL

AISHWARYA GROUP
Ph.: +91-7771976666, +91-0771-2444500

सुमीत बाजार
क्वालिटी अनमोल
बजट पे कंट्रोल

ANANTRA MART
A UNIT OF TIWARI BUILDCON & MAJISHA TRADERS
Mo: 62644 95185

CLASSIC GROUP
LIFESTYLE MATTERS

ASHOKA PALM MEADOWS

JAIKA AUTOMOBILES & FINANCE PVT. LTD.

EICHER
NAYI SOCH NAYE RAASTE
GK Automotive Pvt Ltd

SPARSH
• Dhamtari Road, Pachpedi Naka, Raipur, Mob.: 9669800435, 9926442228
• Near Vishal Mega Mart, Pandri, Raipur, Mob.: 9131345797, 9993544080
• Bhanpuri Chowk, Bilaspur Road, Raipur , Mob.: 9131345797, 7489121661
Think Maruti Think Sparsh

TATA MOTORS
भसीन मोटर्स
• मैग्नेटो मॉल के पास, छोकरानाला, कृषक नगर, रायपुर (छ.ग.)
• वालफोर्ट सिटी के सामने, भाटागांव, रिंग रोड नं. 1, रायपुर (छ.ग.)
Mo.: 7506018726
www.bhasinmotors.com sales@bhasinmotors.com

SHIVNATH HYUNDAI

HONDA
G.K. Honda
80582 54444

TATA MOTORS
OM AUTOWHEELS
93110 60060

JCB
GK JCB
Raipur - 73036 25888
Nagpur - 70655 50066

GK Electric
92053 23757

HONDA
GK CARS & BIKES
97534 89090

Ford
Go Further
G.K. Ford
96171 05000

COZY CRIBS
GK COZY CRIBS
62629 88899

GK INSURANCE BROKERS PVT LTD
98998 22799

# शिक्षा भूमि

Admissions Open 2025-26

# गणतंत्र दिवस
## की हार्दिक शुभकामनाएं




**CPS**
CPS GROUP OF SCHOOL
Chhattisgarh Public School
CBSE Affiliation No. 3330087
37, Sarvodaya Nagar, Near AIIMS, Hirapur Road, Tatibandh, Raipur
9109166622, 9752148000, 7869190431
Email : 36garh3330087@gmail.com, Web.: www.cpsraipur.com
Play Group To Class XII
गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं
CPS Kids Academy Play Group to 5th
Shrinagar 9981977444 | Shankar Nagar 9109762200 | Birgoan 9827172688



भारत माता की जय — वंदे मातरम्
**गणतंत्र दिवस पर्व पर विनम्र निवेदन**
भारत के वीर शहीदों और महापुरूषों के सम्मान में आप सभी से एक निवेदन है कि राष्ट्रीय पर्व "गणतंत्र दिवस"... का बधाई संदेश, हम सभी एक दूसरे को हम सबकी प्रिय राष्ट्रभाषा "हिन्दी" में प्रदान करें। इससे हमारी हिंदी भाषा का अभिनंदन तो होगा ही, साथ ही उन क्रांतिकारियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी जिन्होंने हमारे देश, भाषा और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया।
अनुरोध है कि अपने सभी मित्रों, सहयोगियों, स्नेहीजनों को भी "गणतंत्र दिवस" का बधाई संदेश हिंदी में देने हेतु प्रेरित करें।
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
मुकेश शाह
संचालक - वीर छत्रपति शिवाजी स्कूल, रायपुर
संयोजक - तिरंगा वंदन मंच, रायपुर



**ANGELS SCHOOL OF EXCELLENCE** (Since 2000)
ATTRACTIONS IN ANGELS
- Admission available for Special students
- Skill Development
- Sanskar Classes
- Special Attention on Weak Students
- Teaching through Digital Platform
- Sports, Karate, Meditation
- Snacks & Transport Facility

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
ADMISSIONS OPEN
From Pre- Nursery to Class XII
Near Pension Bada, DEO Office/Shailendra Nagar, Vivekanand Nagar, Raipur
Mob.: 93294-05594, 93003-05000



The Good Start Play School Professor colony Bhatagaon Raipur
THE GOOD START A Play School & Day Care Center
Admission Open from play group to KG II.
LIMITED SEATS
UNIQUE FEATURES OF SCHOOL
- Kinder Garten
- Creative Learning
- Safe Environment
- Educational Toy Room
- CCTV Security & Safety
- Music, Dance, Art & Craft
- Story Telling Session
- Special Kidzee Yoga
- ABACUS classes provides from KG I.

goodstartplayschool@gmail.com
www.moderneducation.co.in
The Good Start Play School Raipur
9827898889
Near Sadhana Bhawan, Main Road, Sec.-1
Professor Colony, Raipur (C.G.)
II Branch Bhatagaon-Near Jalgrih Marg, Near Shitla chowk.
Contact 7471119213,7471128213



**PRANAVANANDA ACADEMY**
An English Medium Senior Secondary School
(Affiliated to C.B.S.E., Affiliation on 3330050)
www.bssparaipur.co.in
ADMISSION OPEN
Session 2025-26
HAPPY REPUBLIC DAY
Nursery to Class IX & XI
VIP Road, Raipur (C.G.)
Mob.: 7987374076, 8349784854, 7389625110



#nif GLOBAL RAIPUR
Opportunity to showcase your garment at Global Runways
New York Fashion Week
London Fashion Week
Dubai Fashion Week
Showcased at New York Fashion Week-September 2024 by NIF Raipur Students
Courses available
FASHION DESIGN
INTERIOR DESIGN
3rd Floor, Chandra Planet Complex,Besides Ashoka Millennium Complex, Ring Road No.1, Raipur, (C.G.)
80855-55511
80855-55533



**SHIVANSH INTERNATIONAL SCHOOL**
Affiliated to CBSE
LET US COLLECTIVELY STRIVE TO MAKE INDIA HEALTHY AND POWERFUL
Nursery to Class-XII
Admission Open 2025-26
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Mrs. Dipali Tripathi
Principal
Shivansh International School Kathadih Raipur
BRANCH
KATHADIH ROAD, RAIPUR | PIPRAUD NAYAPARA, RAJIM | KUNRA, DHARSIWA
Mob.: 8878024922, 8770332493, 8319004566
Email: shivanshinternationalschool@gmail.com
website: www.shivanshinternationalschool.com



**COLUMBIA GLOBAL SCHOOL**
START YOUR JOURNEY WITH US
CBSE AFFILIATION NO. 3330367
ADMISSIONS OPEN 2025-26
NURSERY-IX & XI
LIMITED SEATS AVAILABLE
MATHS | COMMERCE | HUMANITIES | SCIENCE
89828 88999
NEAR VIDHAN SABHA, TEKARI, RAIPUR
www.columbiaglobalschool.com



**SAINIK MILITARY RIMC NAVODAYA NDA CLASSES**
ISO NO: 9001:2015
GOSWAMI SIR AND SAHU SIR
ADMISSSION OPEN
SAINIK SCHOOL | NAVODAYA VIDYALAYA | RIMC | RMS SELECTED
1ST RANK TOPPER NEHAL SHRIVASTAV
ALL INDIA SAINIK SCHOOLS ENTRANCE EXAMINATION RESULT 2023-24
TOTAL SELECTION (SAINIK/MILITARY/NVS /RIMC) 350+ STUDENTS
LIBRARY & WORKSHOP
BOYS & GIRLS HOSTEL FACILITY
OUR FACILITIES
- Online Classes
- Physical Training
- Online Test Facility
- Topic Wise Explanation
- Weekly Test
- Daily Doubts Sessions
- Point To Point Approach
- Complete Study Material
- Motivational Lectures Classes
- Separate Hostel For Boys Girls
- Well Infrastructure A/C Classrooms
- Highly Qualified Experienced Teachers Team

लगातार 8 सालों से 100 रिजल्ट देते हुए सैनिक मिलीट्री स्कूल, रिम्स एवं नवोदय परीक्षा 2023-24 में एक ही बैंच के सभी 63 छात्रों ने रैंक के साथ क्वालीफाइड कर एक बार फिर हमारे संस्थान का नाम छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पूरे भारतवर्ष में रोशन किया है।
RAIPUR BRANCH : DDU NAGAR, RAIPUR (C.G.) 8109810976, 9907957778
BILASPUR BRANCH : NEHRU CHOWK , BILASPUR (C.G.) 70424478177, 7024479177



Empower Your Career In Paramedic Professional With
**B.VOC Bachelor Of Vocational HEALTHCARE DEGREE COURSE**
Approved By Ministry of HRD, And (UGC) University Grant Commission Govt. of India
Benefits of B.VOC Courses
- Practical knowledge enrichment
- Wide options of Industries
- Job Opportunities
- Good salary package
- Government Jobs
- Reduced duration
- Flexibility of the Program

12th पास विद्यार्थियों के लिए पेरामेडिकल क्षेत्र में भविष्य बनाने का सुनेहरा अवसर

| | |
|---|---|
| Diploma is Awarded | 1 years |
| Advanced Diploma is Awarded | 2 years |
| B.VOC Degree is Awarded | 3 years |

Medical Lab Technology
Radiology & Medical Imaging Technology
Optometry Technology
Dialysis Technology
Dialysis Technology
Hospital Managment
Hospital Sterilization Technology
Patient Care Managment
acdvgsw
'Eligibilty 12th pass Any Streams
7471128213 9827898889 7879043213 9329428823
MIPS MODERN INSTITUTE OF PERAMEDICAL SCIENCE
Raipur Ho-near Shitla Chowk Jalgrih Marg Bhatagaon
Run By Modern Knowledge Education And Wellfare Society
• Raipur • Bilaspur • Durg • Dhamtari • Saraipali • Rajnandgaon • Sarguja

हरिभूमि
# रायपुर भूमि




## पेंट प्लांट में ब्लास्ट, दो किलोमीटर दूर तक नजर आया धुंए का गुबार, रायपुर से भेजी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/ तिल्दा नेवरा

तिल्दा के बरतोरी स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित पेंट केमिकल प्लांट में शनिवार को आग लगने से हड़कंप मच गया। राहत की बात यह रही कि तब फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर नहीं पहुंचे थे। आग की चपेट में आने से एक मजदूर के दोनों पैर तथा चेहरा जल गया है।

### आग से निपटने फैक्ट्री संचालक अलर्ट हुए

पेंट केमिकल प्लांट में आग लगने की घटना की जानकारी मिलने के बाद संजय केमिकल फैक्ट्री से सटे अन्य उद्योगों के संचालक अलर्ट मोड पर आ गए। उन्हें डर था की आग की लपटें उनकी फैक्ट्री तक आ सकता है।

### देर शाम तक जारी रहा कूलिंग करने का काम

फैक्ट्री में लगी आग को फायर ब्रिगेड की टीम दोपहर 12 बजे तक काबू पा लिया। आग पर काबू पाने के बाद फैक्ट्री के अंदर रखे केमिकल को दमकल कर्मियों ने बाहर निकाला। इसके बाद फैक्ट्री में दोबारा आगजनी की घटना न हो, इसके लिए फैक्ट्री के अंदर पानी का छिड़काव करते रहे। बावजूद इसके फैक्ट्री के अंदर रह-रहकर धुंआ उठते दिखाई देने पर फायर ब्रिगेड की टीम को देर शाम तक फैक्ट्री में कूलिंग करने का काम जारी रखना पड़ा। आग से कितना का नुकसान हुआ है। इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है। फैक्ट्री प्रबंधन फैक्ट्री के अंदर रखे माल की ऑडिट करने के बाद नुकसान की जानकारी बता पाने की बात कह रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में चोरी दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** डीडीनगर, गणेश गार्डन स्थित सूने मकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। शातिरों के



कब्जे से पुलिस ने दो लाख 30 हजार रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी जब्त की है। चोरी के आरोप में पुलिस ने वीर अभिमन्यु देवदास उर्फ मन्ना तथा तिलक सागर को गिरफ्तार किया है। शातिरों ने कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले आशीष ठाकुर के सूने मकान में चार दिसंबर 2024 को चोरी की थी।

### मारपीट के आरोप में बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक थाने की पुलिस ने युवक को चाकू मारने के आरोप में क्षेत्र के एक गुंडे शेख जाफर उर्फ झोलटू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। बदमाश ने अपने साथी युवक को उससे जेल में मिलने नहीं आने से नाराज होकर विवाद करते हुए चाकू से वार कर घायल कर दिया।

रायपुर निगम को लेकर भाजपा का देर रात तक मंथन

## भाजपा ने उतारे उम्मीदवार, माना पंचायत से संजय को मिला टिकट, कांग्रेस में अभी मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने प्रत्याशियों का ऐलान करना प्रारंभ कर दिया है। प्रदेशभर में नगर पालिका और निगमों के लिए पार्षद और अध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान किया है। पहले चरण में नगरपालिकाओं के साथ नगर पंचायतों के अध्यक्ष और पार्षदों की सूची जारी की है। वहीं कांग्रेस में अभी मंथन का दौर जारी है। संभावना है कि कल से कांग्रेस भी उम्मीदवारों का ऐलान करना प्रारंभ करेगी। नगरीय निकायों के चुनाव 11 फरवरी को होंगे। 15 फरवरी को मतगणना होगी। नगरीय निकायों के लिए नामांकन चल रहा है। अब नामांकन भरने के लिए महज सोमवार और मंगलवार का ही दिन बचा है। 28 जनवरी को नामांकन का अंतिम दिन है भाजपा शहर जिला ने माना नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए संजय यादव को एक बार फिर से अपना प्रत्याशी बनाया है।

### कांग्रेस आज कर सकती है उम्मीदवारों की घोषणा





### प्रदेश के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा

गरियाबंद जिले में गरियाबंद नगरपालिका में अध्यक्ष पद के लिए प्रशांत मानिकपुरी, राजिम नगर पंचायत में महेश यादव, छुरा में लुकेश्वरी निषाद, देवभोग में अनीता विकास उपाध्याय को प्रत्याशी बनाया गया है। बिलासपुर जिले की नगर पंचायतों के अध्यक्षों में बिल्हा में वंदना जेंड्रे, कोटा में सरोज दुर्गेश साहू, मल्हार में धनेश्वरी कैवर्त, रायगढ़ की नगर पंचायतों में धरमजगढ़ में अनिल सरकार, घरघोड़ा में सुनील सिंह ठाकुर, किरोड़ीमल नगर पंचायत में सुनीता मोहन विश्वकर्मा, लैलूंगा में कपिल सिंघानिया, सरगुजा के राजपुर में धरम सिंह, कुसमी में रोशन एक्का, वाड्रफनगर में मानसिंह को टिकट दिया गया है। महासमुंद जिले के तुमगांव में धर्मेंद्र यादव, बसना में खुशबू अग्रवाल और पिथौरा नगर पंचायत में देव सिंह निषाद को अध्यक्ष प्रत्याशी बनाया गया है।

### प्रत्याशियों की सूची पर मंथन

राजीव भवन में शाम को नगरीय निकाय के प्रत्याशियों की सूची पर मंथन करने प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक हुई। नगर पंचायत, नगर निगम और नगर पालिका में अध्यक्ष, महापौर और पार्षदों की सूची लेकर नामों पर मंथन किया गया। जिला और ब्लॉक कमेटी के पर्यवेक्षकों द्वारा भेजे गए नामों में से एक नाम तय करने का प्रयास किया जा रहा है। चुनाव समिति की बैठक में इन नामों की सहमति लेकर सूची रविवार को जारी किए जाने की संभावना है।

### नामांकन के लिए दो दिन शेष

पार्टी सूत्रों के अनुसार 22 जनवरी से शुरू हुए नामांकन का दौर 28 तक चलेगा। अब 27-28 जनवरी तक नामांकन होगा। भाजपा ने नगरीय निकायों में चुनाव छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशियों का नाम फाइनल कर सूची जारी कर दी है। वहीं कांग्रेस ने अभी तक अपनी सूची जारी नहीं की है। कांग्रेस प्रत्याशी तय करने के लिए लगातार बैठक कर रही है। शनिवार को भी देर शाम पीसीसी अध्यक्ष ने बैठक लेकर सूची पर विचार किया।

## पूर्व विधायक चंद्रदेव आरपी, विनोद सहित चार को मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कांग्रेस नेता आरपी सिंह, विनोद तिवारी, चंद्रदेव राय, पीयूष साहू की नहीं होगी गिरफ्तारी
- महादेव सट्टा एप मामले में ईडी ने कोलकाता से एक और शेयर कारोबारी को किया गिरफ्तार

कोल घोटाला मामले में ईडी की विशेष अदालत ने आरोपी बनाए गए पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, कांग्रेस नेता आरपी सिंह, विनोद तिवारी तथा निलंबित आईएएस रानू साहू के भाई पीयूष कुमार साहू को बड़ी राहत दी है। कोल घोटाला मामले में इन चारों को अब ईडी गिरफ्तार नहीं करेगी।

चारों ने कोर्ट में धारा 88 के तहत आवेदन पेश किया था। पेश किए गए आवेदन में कोर्ट ने चारो से 10-10 हजार रुपए का बांड दाखिल कराया है। साथ ही चारों को कोर्ट ने कोल घोटाला मामले की सभी सुनवाई में उपस्थित रहने निर्देश दिए हैं। कस्टम मिलिंग घोटाले तथा कोल घोटाले मामले की सुनवाई 14 तथा 28 फरवरी को होगी। दोनों ही घोटालों में जेल भेजे गए सभी आरोपियों को ईडी की विशेष अदालत में शनिवार को पेश किया गया। इस दौरान ईडी के वकील डॉ. सौरभ पांडेय ने कोर्ट को बताया कि इस समय प्रकरण की जांच चल रही है। इस मामले में परिवाद पत्र पेश किया जा चुका है। इसे देखते हुए पेशी को बढ़ाने का अनुरोध किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए सुनवाई की तिथि को आगे बढ़ा दिया।

### महादेव सट्टा एप मामले में एक और गिरफ्तारी

महादेव सट्टा एप मामले में ईडी ने शेयर कारोबारी संदीप फोगला को कोलकाता से गिरफ्तार कर शुक्रवार को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया है। ईडी के आवेदन पर कोर्ट ने संदीप को पूछताछ के लिए पांच दिन की रिमांड स्वीकृत की है। ईडी संदीप को अब 28 जनवरी को कोर्ट में पेश करेगी। संदीप पर आरोप है कि वह सट्टा से प्राप्त रकम को फेक कंपनियों सहित शेयर ट्रेडिंग में लगाकर व्हाइट मनी में कनवर्ट करता था।








**लाइव इवेंट**

## महाराष्ट्र मंडल के हल्दी-कुमकुम में दिखा गणतंत्र दिवस का जोश



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के महिला केंद्रों का बहुप्रतीक्षित व भव्य हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर धूमधाम से आयोजित किया गया। स्वाभाविक तौर पर मंचीय प्रस्तुतियों में गणतंत्र दिवस का जोश देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रमों के रूप में दिखाई दिया। इससे पहले रंगोली प्रतियोगिता को लेकर भी प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखा गया। वहीं इस मौके पर महिला सभासदों को कश्मीरी बच्चों का अखरोट-बादाम सहित विभिन्न आइटमों वाला स्टॉल विशेष रूप से आकर्षित कर रहा था। मंडल में महिला दर्शकों से खचाखच भरे संत ज्ञानेश्वर सभागृह में सिविल लाइंस केंद्र की शोभा जोशी ग्रुप की ओर से प्रस्तुत सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके तुरंत बाद आध्यात्मिक समिति के मार्गदर्शन में उपस्थित सभी महिलाओं ने रामरक्षा स्त्रोत व हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। प्रति शनिवार को 16 महिला केंद्रों में होने वाले सामूहिक पाठ का आयोजन हल्दी-कुमकुम के कार्यक्रम में ही किया गया, क्योंकि सभी केंद्रों की महिलाएं भारी संख्या में यहीं उपस्थित थीं।

### जब ओढ़नी से बनाया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वल्लभनगर केंद्र की प्रस्तुति भावविभोर कर गई। यहां की मंजूषा चिलमवार, वंदना पाटिल, माधुरी गाडगिल, प्रीति केसकर, अर्चना, कांचन पुसदकर, मानसी विठालकर ने अपने देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुति में ओढ़नी से जब राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा बनाया, तो दर्शक दीर्घा में बैठीं महिलाएं अपने स्थान पर खड़ी हो गईं। सड्डू-मोवा केंद्र की सभासद आरती पोतदार, प्राजक्ता एतुलवार, विशाखा, शालिनी जोशी, मनीषा होशंगाबादे, मधुरा भागवत, सुरेशा पाटिल, विनीता चितांबरे, कुंदा ने देशभक्तिपूर्ण गीतों में शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। रोहिणीपुरण केंद्र से रीना बाबर और करिश्मा अंजनकर ने रिमिक्स गानों पर प्रभावशाली डांस पेश किया। डगनिया केंद्र से सोनल फडनवीस, श्रद्धा देखमुख, दिव्या पात्रीकर, दीपांजलि भालेराव, अनामिका महाजन, प्रियंका राजपूत ने भी रिमिक्स गानों पर अपनी प्रस्तुति से लुभाया, इनमें सोनल फडनवीस ने 'नारी की सादगी ही उसका असली श्रृंगार है' थीम पर अपनी पेशकश से कार्यक्रम को गरिमामय बनाया।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार और विद्यार्थी रहे शिक्षाविद एसके ठाकुर ने साझा की गणतंत्र दिवस की यादें

# उत्साह से भरी थी गणतंत्र दिवस की पहली सुबह स्कूल से चौपाल तक होती रही संविधान पर चर्चा

**अभी हम जिस माहौल में जीवन जी रहे हैं। उसकी सही कीमत जानने की इच्छा अगर है तो ऐसे लोगों से बात करें, जिन्होंने गुलामी के दिनों को देखा। आजादी की खुशी को इस रायपुर में महसूस किया। उनके विद्यार्थी जीवन में देश का संविधान बना और भारत गणतंत्र राष्ट्र भी बना। इन तमाम बातों के पीछे कई ऐसे तथ्य जुड़े हैं, जिनके बारे में जानने से ही 26 जनवरी की महत्ता का एहसास होगा।**



**रायपुर।** जिन लोगों ने हर दौर को देखा है, उनकी यादों में गणतंत्र दिवस का वह अनूठा दिन अब भी रचा-बसा है। लोगों ने 1950 में गणतंत्र राष्ट्र बनने से प्राप्त गौरवशाली दिन को सहृदयता से ही स्वीकार किया था। उनमें संविधान में उल्लेखित बिंदुओं को जानने की उत्सुकता थी। लोग जानने उत्सुक थे कि उन्हें किस दायरे में जीना है।

पुरानी बस्ती में रहने वाले शिक्षाविद एसके ठाकुर से जब बात की गई तो उन्होंने बताया, गुलामी के दिनों को भी इस रायपुर में देखा है। आजादी की खुशी में लोगों ने अपनी दुकानों पर मिठाई बांटी, कई जगह तिरंगा फहराने और उत्सव मनाने लोग सुबह से ही परिवार के साथ पहुंचे थे। इनमें गांधी मैदान, आजाद चौक जैसे कई क्षेत्र थे, जहां उत्सव जैसा माहौल था। जब 26 जनवरी 1950 को भारत को गणतंत्र राष्ट्र होने का गौरव हासिल हुआ, उस ऐतिहासिक सुबह को भूलना आसान नहीं है। तब मैं छत्तीसगढ़ कॉलेज में बीए का छात्र था। सुबह झंडा फहराने का सिलसिला स्कूल-कॉलेजों में चला। इसके बाद प्रबुद्धजनों ने संविधान की महत्ता बताने के लिए चर्चा और गोष्ठी का आयोजन किया था। इसमें युवा, बुजुर्ग और महिलाएं भी अपने अधिकार और देश का अच्छा नागरिक कहलाने के लिए कर्तव्य बोध के लिए पहुंचे।

### चौपालों तक चर्चा का केंद्र था संविधान

*इतिहासविद्र प्रो. रमेंद्रनाथ मिश्र ने बताया कि शहर में उस सुनहरी सुबह को देखने वाले कम लोग बचे हैं। मेरे अग्रज सुरेंद्र मिश्र ने एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में अंग्रेजी हुकूमत को देखा था। बाद वे छात्र जीवन में छात्रसंघ चुनाव में शामिल हुए। वे बताते थे कि लोगों ने पुरानी बस्ती से लेकर आजाद चौक समेत पुलिस लाइन क्षेत्र में भी 26 जनवरी को दोहरी खुशी मनाई थी। एक तिरंगा फहराने का अवसर खास था, दूसरी खुशी और उत्साह इस बात को लेकर था कि अब देश में एक कानून संहिता लागू होगी। इसमें आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक अधिकार के साथ जिम्मेदार नागरिक होने का गौरव प्राप्त हुआ था। स्कूल-कॉलेज और पुस्तकालय से लेकर चौपालों तक चर्चा का विषय देश का संविधान था। इसे लोग जानने के लिए उत्सुक थे। अग्रज से सुनी वह सुनहरी यादों के मायने को ही अब लोगों ने बदल दिया है।*

### फैशन से जुड़ा राष्ट्रीय ध्वज, युवा कलाइयों में पहन रहे तिरंगा बैंड





गणतंत्र दिवस के मौके पर बाजार में तिरंगे की रौनक है। दुकान, मॉल समेत हर जगह तिरंगे के बैलून, लड़ियां, बैच, टैटू, बैंड देखने को मिल रहे हैं। युवाओं के फैशन में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भी शामिल हो चुका है, जिसमें वालिंटियर बैच, रिस्ट बैंड, हेयर बैंड, हेयर पिन, गजरा व लड़ी आदि है। हरिभूमि ने गणतंत्र दिवस के पूर्व बाजार का जायजा लिया। इस दौरान इस बार बाजार में तिरंगे से संबंधी बहुत-सी नई चीजें आई हैं। इसमें बटन बैच, हेयर पिन व बैंड, तोरण व रेडियम स्टीकर आदि हैं। वहीं दुकानदारों ने बताया कि इस बार नई वेरायटीज ज्यादा बिक रही है। कारोबार भी पिछले साल की अपेक्षा ठीक रहा। शैक्षणिक संस्थान, विभाग, कॉर्पोरेट जगत वाले स्टेज सजाने के लिए गजरा तिरंगा व गेंदा लड़ी ले जा रहे हैं। इसके अलावा तिरंगा बैलून भी खूब खरीदा जा रहा है। दुकानदार बताते हैं कि खादी तिरंगा थोड़ा महंगा होने कारण लोग फाइबर, टेरीकॉट आदि के कपड़ों का बना राष्ट्रीय ध्वज ज्यादा ले रहे हैं।

### फैशन बन गया है तिरंगा, बिक रहें हेयर बैंड व क्लिप



राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के मौके पर युवाओं के फैशन के लिए तिरंगे को दर्शाते हेयर बैंड व हेयर क्लिप, गजरा, गोल कोट बैच, बटन बैच, रिस्ट बैंड, रबड़ बैंड, टैटू, रेडियम स्टीकर आदि बिक रहे हैं, जिससे वे आकर्षित हो रहे हैं। फूल बाजार, कैपिटल स्टेनरी के सानवल दास दुसेजा बताते हैं कि युवाओं के लिए इस बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर बहुत सी चीजें है, जिससे वे ऊपर से लेकर नीचे तक तिरंगे से रंगे रह सकते हैं। जिसमें सिर की पगड़ी से लेकर, गजरा, हेयर बैंड व क्लिप, बटन बैंड तक शामिल हैं, जिनकी कीमत 1 से 500 रुपए तक है।

### चौराहों पर भी ससम्मान फहराएं तिरंगा

भारत खादी भण्डार के शशि बल्बेवार बताते हैं कि इस बार खादी तिरंगों की बिक्री पिछले साल की अपेक्षा कम रही। लोग सबसे ज्यादा 2/3 व 30/45 माप के झण्डे ज्यादा ले जा रहे हैं, जिनकी कीमत 550 व 700 रुपए है। उन्होंने बताया कि उनके पास प्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज है, जिसकी माप 6/9 है, जो 6000 रुपए है। वहीं उनके पास 300 रुपए कीमत का सबसे छोटी माप 18/27 का झण्डा है। इनके अलावा 3/4.5 व 4/6 माप झण्डा है, जिनकी कीमत क्रमशः 1000 व 2200 रुपए है। शशि बताते हैं कि उनकी दुकान से सरकारी भवन, शैक्षणिक संस्थानों, पुलिस हेडक्वार्टर, सीआरपीएफ व बीएसएफ बटालियन आदि जगहों पर तिरंगा जाता है। शशि ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप मोहल्ले, चौराहे कहीं पर भी झण्डा फहराएं तो ससम्मान खादी का ध्वज फहराएं।

**सिटी इवेंट**

## रागी जत्थों के संगीतमयी कीर्तन ने किया मंत्रमुग्ध



**रायपुर।** सिख समाज के लिए रैन सवाई यानी पूरी रात कीर्तन सुनने का सुख मिलना। इस कड़ी में देश-विदेश में प्रसिद्ध रागी जत्थों का आगमन होने से इस समागम को समाज के लोगों ने उत्सव का रूप देने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। लोगों का कीर्तन समागम में खास लगाव भी देखने को मिला। इस धार्मिक-संगीतमय कीर्तन समागम का समापन शनिवार को किया गया। इसमें सुबह के दीवान में कथावाचक भाई बंता सिंघ को सुनने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। सिख धर्म के प्रचार और गुरुओं की वाणी का अपने ढंग से विस्तार करते हुए प्रवचन देने लिए उन्हें जाना जाता है। समागम में उन्होंने पानी और वाणी की ताकत के बारे में संगत को बताया। जुबान का क्या मोल होना चाहिए, इसको लेकर भी प्रकाश डाला।

### नई पीढ़ी में बढ़ रहा कीर्तन प्रेम

आयोजन के संयोजक प्रीतपाल सिंघ चंडोक ने नई पीढ़ी का कीर्तन प्रेम देखकर कहा कि जिस उद्देश्य से इस अलौकिक कीर्तन समागम का आयोजन शुरू किया गया। वह अब सफल होने लगा है। अलौकिक कीर्तन समागम सोसायटी के इस प्रयास को इतने बरसों में मिली सफलता के कारण ही छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश और ओड़िशा से भी सिख संगत का इसके लिए उमड़ रही है। रैन सवाई के दौरान गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा गुरुनानक नगर में रात को मेले जैसा माहौल रहा। एक तरफ संगत कीर्तन रस से सराबोर हो रही थी तो दूसरी तरफ लंगर का भी तीनों दिन इंतजाम किया गया था।

### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए छात्रा युक्तामुखी का चयन, दिल्ली रवाना

**रायपुर।** चौबे कॉलोनी स्थित शाला मायाराम सुरजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 11वीं कक्षा की छात्रा युक्तामुखी साहू का चयन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए किया गया है। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में होगा, जहां देशभर के विद्यालय से छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थी परीक्षा को लेकर अपनी समस्याएं पीएम मोदी से साझा करेंगे। शनिवार को छात्रा नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजधानी से रवाना हुईं, जहां वे अन्य विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ अपनी बात रखेंगी। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. भावना तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता के आधार पर विद्यार्थी का चयन किया गया है, जो अपने अच्छे प्रदर्शन और पढ़ाई से आगे बढ़ सकी हैं। छात्रा के पिता निजी संस्थान में काम करते हैं और मां गृहिणी हैं, जिन्होंने बच्ची को हमेशा पढ़ाई के क्षेत्र में प्रोत्साहित किया है।



## जीत का जुनून... जॉब कर मैदान में बहा रहे पसीना

**रायपुर।** उत्तराखण्ड में आयोजित नेशनल गेम्स के लिए प्रदेश की विभिन्न खेलों की टीमें एवं खिलाड़ी तैयार हो चुके हैं। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को इंडोर स्टेडियम परिसर में छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से शनिवार को किट वितरित की गई। साथ ही शुभकामनाएं भी दी गई। इसमें कुछ ऐसे भी खिलाड़ी हैं, जो प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहली बार शिरकत कर रहे हैं। हरिभूमि ने इंडोर स्टेडियम में पहुंचकर ऐसे ही कुछ खिलाड़ियों से बातचीत की। इस क्रम में उनका खेल के प्रति जुनून और संघर्ष जानने का प्रयास किया। कुछ ऐसे भी खिलाड़ी हैं, जो पार्ट टाइम जॉब करते हुए अभ्यास भी करते हैं।

नेशनल गेम्स में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने जा रहे उत्तराखण्ड




### जॉब के साथ अभ्यास भी करते हैं साहिल

एस. साहिल बॉक्सिंग के खिलाड़ी हैं, इनका चयन उत्तराखण्ड गेम्स में प्रदेश स्क्वॉड में हुआ है। साहिल बताते हैं, वे पिछले 10 सालों से बॉक्सिंग खेल रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन से पिछले 3 साल से जुड़े हैं। साहिल के पिता रेहड़ी लगाते हैं। वहीं साहिल सुबह-शाम दो-दो घंटे अभ्यास करते हैं। साथ ही पार्ट टाइम जोमैटो में डिलीवरी ब्वॉय का काम करते हैं। यहां जुड़ने से पहले वे हरियाणा में ट्रेनिंग कर रहे थे। साथ में जिम में बतौर ट्रेनर काम कर रहे थे। साहिल दुर्ग के रहने वाले हैं, वे बताते हैं कि उनके यहां ढंग का इंडोर स्टेडियम भी नहीं है।

### लक्ष्य के अलावा किसी और पर न हो ध्यान

हेमा यादव योगासन की खिलाड़ी हैं और 6 सालों से इससे जुड़ी हुई हैं। हेमा बताती हैं कि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से बीएससी कर रही हैं। हेमा दो बार ओलंपियाड खेल चुकी हैं। इसके अलावा स्कूल नेशनल गेम्स के लिए दिल्ली भी जा चुकी हैं। हेमा बताती हैं कि उन्हें योगासन में कॅरियर बनाना है। पिता स्टोरकीपर हैं और मां गृहिणी हैं। परिजनों का कितना सहयोग मिलता है, इस पर जवाब देते हुए वे बताती हैं कि सबका सपोर्ट है, लेकिन पिता का ज्यादा है। हेमा कहती हैं कि माता-पिता को अपने बच्चों को पढ़ाई व खेल के लिए बाहर निकलने देना चाहिए, इससे वे उनका नाम रोशन करेंगी।

### स्पोर्ट्स ऐसा क्षेत्र, जो देता है कमबैक का मौका

*अनन्या पांडे स्क्वैश खिलाड़ी हैं और वे 2016 से खेल रही हैं। मौजूदा समय में उनकी ऑल इंडिया रैंकिंग 18 है। अनन्या बताती हैं कि उन्होंने 2024 में दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की है। पढ़ाई के साथ अभ्यास का समय निकाल लेती थीं। घर-परिवार का कितना सपोर्ट है, इस पर जवाब देते हुए अनन्या बताती हैं कि उनके माता-पिता का पूरा सपोर्ट है। पिता प्रतियोगिता में साथ भी जाते हैं और दर्शक दीर्घा में बैठकर हौसला बढ़ाते हैं। अनन्या के पिता ड्रामा आर्टिस्ट हैं। अभ्यास को लेकर उन्होंने बताया कि पूरे दिन में 3 से 5 घंटे अभ्यास करती हैं। अनन्या कहती हैं, स्पोर्ट्स ऐसा क्षेत्र है, जो कमबैक करने का मौका जरूर देता है।*

## पीठाधीश्वर प्रेमसाई को सीडरब्रुक विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र त्रिकालदर्शी चमत्कारी मां मातंगी दिव्य धाम को अंतर्राष्ट्रीय गौरव प्राप्त हुआ है। जहां धाम के पीठाधीश्वर प्रेमसाई महाराज को सीडरब्रुक विश्वविद्यालय, अमेरिका द्वारा प्रतिष्ठित मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पीठाधीश्वर के उल्लेखनीय आध्यात्मिक योगदान और मानवता के प्रति उनकी समर्पित सेवा को मान्यता देता है।




सीडरब्रुक यूनिवर्सिटी ने पीठाधीश्वर को समाज में नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने के साधन के रूप में सम्मानित किया। आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों को मान्यता दी है। यह पुरस्कार समारोह यूएसए के टिवोली रिसॉर्ट्स एंड होटल में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में पीठाधीश्वर ने कहा 'यह सम्मान सिर्फ मेरे लिए नहीं है, बल्कि उन सभी भक्तों और अनुयायियों के लिए है, जिन्होंने मानवता की सेवा और धर्म को बनाए रखने के लिए आस्था और भक्ति के साथ अथक परिश्रम किया है। यह डॉक्टरेट हमारे धाम और छत्तीसगढ़ की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक मान्यता प्रदान करता है।'

**ग्लोबल डायनिंग एटिकेट वर्कशॉप में ग्लोबल विनर ने दिए टिप्स**

# होटलों में खाना खाने का एक्सपर्ट ने सिखाया सही तरीका कहा-मेनू कभी मेज से न उठाएं, प्लेट के किनारों को रखें साफ

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** इन दिनों लोगों की लाइफस्टाइल में तेजी से बदलाव हो रहा है, ऐसे में बड़े होटलों में खाना खाने का मौका भी मिलता है। जहां सभी लोगों की तरह सही ढंग से बैठने, बात करने एवं खाना खाने का तरीका नहीं पता होता। ऐसे में लोग खुद को असहज महसूस करते हैं। ऐसे माहौल की सामान्य जानकारी होनी जरूरी है। इससे बिजनेस मीटिंग या ऑफिस फ्रेंड्स के बीच आपकी छवि दूसरों से अलग बनेगी।

शनिवार को शहर स्थित निजी होटल में 'ग्लोबल डायनिंग एटिकेट' वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसे रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस संस्थान द्वारा आयोजित किया गया। वर्कशॉप में 80 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। ग्लोबल डायनिंग एटिकेट वर्कशॉप में ग्लोबल विनर अनमोल अग्रवाल उपस्थित रहीं। जिन्होंने कहा, कटलरी लैंग्वेज, डाइनिंग एटिकेट्स का एक जरूरी हिस्सा होता है, यह एक ऐसी भाषा है, जो बिना बोले ही डाइनिंग टेबल में आपका मैसेज दूसरे तक पहुंचा सकती है। कार्यशाला में संस्थान के सदस्यों ने बताया कि डायनिंग टेबल में बैठने से लेकर खाना खाने तक का सही तरीका, पानी की बोतल रखने, पानी पीने, टिशू पेपर रखने, ड्रिंक ग्लास पकड़ने का सही तरीका बताया गया। इस दौरान कम्युनिकेशन स्किल को डेवलप करने की बात कही गई। दोपहर 2 बजे से वर्कशॉप की शुरुआत की गई, इसमें मौजूद लोगों ने डायनिंग एटिकेट से संबंधित कई प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष मनीषा अग्रवाल, सचिव श्वेता शर्मा, नीतू सिंघानिया, शोभा अग्रवाल और प्राची अग्रवाल मौजूद रहीं।





### कम्युनिकेशन स्किल पर ध्यान दें

अनमोल अग्रवाल ने ग्लोबल डायनिंग एटिकेट वर्कशॉप को लाइव डायनिंग सेटअप के साथ समझाया। इसकी शुरुआत बड़े होटलों में एंट्री और बैठने की स्थिति के साथ की गई। इसके बाद डायनिंग, फूड, ड्रिंक, टिशू पेपर, कम्युनिकेशन के तरीकों को समझाया गया। कहा, डायनिंग पर खाना खाते वक्त हमेशा टिशू पेपर, रूमाल या कुछ वेस्ट चीजें लेफ्ट साइड में रखें। ड्रिंक करते वक्त मॉकटेल के गिलास को ऊपर की ओर से पकड़ना गलत होगा, ऐसे में ग्लास के पतले हिस्से को सीधे हाथ पकड़ें।



### इन छह टिप्स को करें फॉलो

बड़े होटलों में सरलता के साथ भोजन करने के लिए 6 महत्वपूर्ण बिंदुओं को जानना जरूरी है, जो अन्य लोगों के साथ बैठकर भोजन करने में मददगार साबित होंगे। पहला अपना मेनू कभी भी मेज से न उठाएं, दूसरा अपनी प्लेटों के किनारों को यथासंभव साफ रखें, तीसरा डिस्कार्ड को अपनी प्लेट के लेफ्ट साइड में रखें, चौथा नैपकिन को रखने से पहले उसे अपनी ओर मोड़ें, पांचवा टेबल से उठते वक्त एस्क्यूज-मी..कहें, छठवां अंग्रेजी के शब्दों का उच्चारण सही तरीके से करें।


26 जनवरी



अमन ट्रेडर्स
की ओर से
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत: प्रतिक अग्रवाल, संचालक
अमन ट्रेडर्स, आकाश टॉवर के पास, तेल घानी नाका चौक, रायपुर


गणतंत्र
दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं


26
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र रंगीला
राज्य अलंकरण गुरु घासीदास सम्मान से सम्मानित
अंतरराष्ट्रीय लोक गायक


SHYAM
FANCY DRESS
All Types of Fancy
Dress Available In Rent
Saurabh Agrawal, Mo.-073545 33334
Purani Basti, Lily Chowk,
Opp. Ramkinkar Hospital, Raipur (C.G.)


Amanat
Bakery, Always Fresh
Sweet Traditions, Wholesome Creations
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Quality
100%
Guaranteed
हर ख़ुशी के मौके पर.. बेकरी में एक ही नाम
अमानत बेकरी
• पोस्टल कॉलोनी के सामने, पुराना धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर
• पारस नगर (देवेन्द्र नगर) रायपुर
9329060307 9165341041
Special Pure Eggless Cake & Pastry


Madrasi Since 1943
26
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
शानदार स्वाद - लाजवाब ऑप्शन
वेज बिरयानी (हाफ)
पनीर तिक्का (3 पीस)
पापड़ ड्राई और फ्राईड
वेज रायता
स्वीट्स
₹250/-
पनीर बटर मसाला (हाफ)
बटर नान 1 पीस
और रोटी 2 पीस
जीरा राईस (हाफ)
वेज सूप
स्वीट्स
₹250/-
चिकन बिरयानी (हाफ)
चिकन तंदूरी (क्वार्टर)
चिकन सूप
स्वीट्स
₹250/-
चिकन बिरयानी (हाफ)
बटर चिकन (हाफ)
बटर नान 1 पीस
और रोटी 2 पीस
चिकन सूप
स्वीट्स
₹300/-
मटन बिरयानी (हाफ)
बटर चिकन (हाफ)
बटर नान 1 पीस
और रोटी 2 पीस
चिकन सूप
स्वीट्स
₹320/-
मटन बिरयानी (हाफ)
चिकन तंदूरी (क्वार्टर)
चिकन सूप
स्वीट्स
₹300/-
पाया निहारी
नोट: यह ऑफर्स 'मद्रासी' के सभी ब्रांच में
मद्रासी रेस्टोरेंट में
स्वाद और बचत का परफेक्ट मेल!
Madrasi's
HIGHWAY
Nr Bhatagaon Signal,
Ph:9399021004
Head Office Madrasi RESTAURANT
Malviya Road, Raipur.Ph : 9399021001


AANDRAYA ENTERPRISES
ए.एन.आटोमोबाईल
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
संचालक अनुराग सेन
AANDRAYA ENTERPRISES
A.N. AUTOMOBILE
7089000188


गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें...
100% Veg
SOUTH INDIAN Available
Only at JAIL ROAD BRANCH
®हर खुशी. हर उमंग.
नैवेद्य के संग
NAIVEDYA® SINCE 1994
ब्रेड • खारी • कुकीस एवं
अन्य बेकरी उत्पाद भी.
नैवेद्य फुड प्रॉडक्ट्स
• 6,7 शास्त्री मार्केट, रायपुर 7771008500
• शंकर नगर, रायपुर 7771008502
• 6,7, रहेजा टॉवर्स, जेल रोड 7771008501


NEW DURGA
INDUSTRIES
Automatic Machine
Made Steel Furniture
Cooler's School Furniture,
Hospital Furniture
Super Market Rack,
Industrial Oven, Panel Boord
Rajiv Chakarvarty
9302125999, 9893136263
Shop : 13, Prakash Bhawan, Kankali Talab, Raipur
Factory : P.S. City Road, Changorabhata,
Ring Road, Kushalpur, Raipur
Email : chakravarty.rajiv@gmail.com


चाबीयाँ
➤ कार के ECM भी बनाये जाते है।
➤ रिमोट रिपेयर भी किये जाते हैं।
सोनी मेटल वर्क्स
आमापारा चौक रायपुर (छ.ग.)
98275-98180


किरण स्वीट्स
की ओर से
26 जनवरी, गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
कृष्णा गुप्ता
किफायती दामों में केक उपलब्ध

नाली की बदबू से परेशान वार्डवासी, कहा- नहीं होती नियमित सफाई

# नालियों की सफाई में कोताही, जलभराव से बेहाल रानी लक्ष्मीबाई वार्ड नंबर 10 का ऐसा हाल

**वार्ड नंबर 10**
**रानी लक्ष्मी बाई वार्ड**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाताओं की संख्या | 16,186 |
| पुरूष मतदाता | 8,337 |
| महिला मतदाता | 7,846 |
| तृतीय लिंग | 3 |
| पिछले चुनाव में मतदाताओं की संख्या | 14,000 |

इस बार अंबुजा माल के सामने वाला एरिया जुड़ने मतदाता बढ़ गये




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रानी लक्ष्मीबाई वार्ड के लोगों का कहना है, नालियों की सफाई नियमित रूप से नहीं होने से नाली जाम व उससे उठने वाले बदबू से वे परेशान हैं। विवि विहार के गली नंबर 1 से 10 तक प्रेमनगर, अमननगर, आदर्श नगर बस्ती में बारिश के समय जलभराव से मुख्य सड़क, गलियों में पानी भर जाता है। इससे घरों से बाहर निकलना मुश्किल रहता है। वाल्टेयर लाइन के नाला की गंदगी ओवर फ्लो होकर सड़कों पर बहने लगती है। शिकायत के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, इसी तरह रहवासी इलाके की सड़क मरम्मत की भी जरूरत है।







### बिजली ट्रांसफार्मर के नीचे करंट का खतरा

विवि विहार गली नंबर 1 की निवासियों की समस्या है कि बिजली विभाग द्वारा मोहल्ले में जो ट्रांसफार्मर सड़क किनारे पूर्व में लगाया है वह अब काफी नीचे हो गया है। बारिश के समय वहां पानी भरने से करंट का खतरा बना रहता है। इसकी लिखीत रूप से शिकायत करने के बाद भी ट्रांसफार्मर को व्यवस्थित नहीं किया जा रहा है।

### बारिश में हर साल भरता है घरों के सामने गंदा पानी

विवि विहार गली नंबर 9 की रहवासी और गृहणी श्वेता बाई का कहना है 10 साल से विवि विहार में जल निकासी की ओर ध्यान नहीं दिया गया। बारिश के समय हर बार मुख्य मार्ग की सड़क से होकर बारिश का गंदा पानी कीचड़ के साथ लोगों के घरों तक घुस जाता है। इससे आने-जाने में काफी परेशानी होती है। वाल्टेयर लाइन वाला ओपन नाला से उठने वाली बदबू से हर कोई परेशान है। क्षेत्रीय विधायक से लेकर वार्ड पार्षद तक इसकी शिकायत की गई इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ।

### नाली सफाई नहीं हो रही कचरा भी नहीं उठ रहा

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित रानी लक्ष्मीबाई वार्ड के प्रेमनगर, अमननगर, विवि विहार मुख्य मार्ग में निकास नाली की सफाई नियमित रूप से नहीं की जा रही है। रहवासियों का कहना है इससे नालियां जाम होने से गंदगी बनी रहती है। पुरानी नालियों में ढाल सही नहीं होने से गंदा पानी का निकास भी प्रभावित हो रहा है। कुछ इलाके ऐसे भी हैं जहां निकाय चुनाव को देखते हुए नाली निर्माण कराया जा रहा है।

फोकटपारा-शांतिनगर के लोगों ने कहा-पिछले पांच साल में पार्षद का चेहरा तक नहीं देखा

# दो महीने में एक बार नालियों की सफाई, कचरा 15 दिन बाद उठता है, सामुदायिक भवन-शौचालय भी नहीं बने

**वार्ड नंबर 13**
**राजीव गांधी वार्ड**



| | |
|---|---|
| कुल मतदाताओं की संख्या | 15356 |
| पुरुष मतदाता | 7633 |
| महिला मतदाता | 7719 |
| थर्ड जेंडर | 04 |
| पिछले चुनाव में मतदाता की कुल संख्या | 15538 |
| इस बार घटे मतदाता की संख्या | 182 |

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड क्रमांक-13 में पिछले पांच वर्ष से नाले-नालियों की समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। इस वार्ड के ज्यातर मोहल्लों में नाले-नालियां जाम पड़ी हुई हैं। इस वार्ड में पांच में नए विकास कार्य भी नहीं हो पाए हैं। कई मोहल्लों में तो पार्षद ने अपने कदम तक नहीं रखे हैं, जिसके कारण इन मोहल्लों में वार्ड पार्षद के प्रति भारी नाराजगी भी दिखी। हरिभूमि की टीम शनिवार को वार्ड में पिछले पांच वर्ष में हुए नए विकास कार्य और वहां की समस्याओं को जानने के लिए राजीव गांधी वार्ड पहुंची थी। इस दौरान टीम ने फोकट पारा, शांतिनगर, साहूपारा, पारसनगर सहित आधा दर्जन से अधिक मोहल्लों में जाकर स्थानीय लोगों से बातचीत की। इस दौरान लोगों ने बताया कि उनके वार्ड में ज्यादातर नए विकास कार्य 5 वर्ष पहले बने पार्षदों के कार्यकाल में हो चुके हैं, पिछले कार्यकाल में उनके वार्ड में नया काम कुछ नहीं हुआ है, बल्कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। सामुदायिक भवन और सार्वजनिक शौचालय की मांग की गई थी। उसे भी पूरा नहीं किया गया है।



### अमृत मिशन के तहत कनेक्शन मिलने के बाद पानी की समस्या खत्म

इस वार्ड में अमृत मिशन योजना के तहत घर-घर नल कनेक्शन दिया गया है। यह कनेक्शन चालू हो गया है, जिसके बाद वार्ड के सभी घरों में नियमित रूप से पेयजल भी मिलने लगा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इससे पहले उनके वार्ड में पानी की बहुत समस्या थी। गर्मी के दिनों में यह समस्या और ज्यादा गंभीर हो जाती थी, लेकिन अब उनके वार्ड में अमृत मिशन योजना के तहत नल कनेक्शन लग गए हैं, जिससे अब पानी की समस्या खत्म हो गई है। अब गर्मी के दिनों में भी पानी की समस्या नहीं रहेगी।

### फोकटपारा में सफाई का हाल बुरा



फोकटपारा निवासी विमला साहू ने बताया कि उसके वार्ड में नाली की सफाई व्यवस्था से पूरा मोहल्ला परेशान है। डेढ़ से दो महीने में एक बार नाली की सफाई करने कर्मी आते हैं। इसके बाद भी कचरा उठाने के लिए 15 दिन का समय लगा देते हैं, तब तक आधा से ज्यादा कचरा फिर नाली में गिर जाता है।

### 5 साल में एक बार भी पार्षद मोहल्ले में नहीं आए



फोकट पारा निवासी दिपेश नेताम ने बताया कि उनके मोहल्ले में पिछले 5 वर्ष में अमृत मिशन योजना के तहत कनेक्शन दिए जाने के अलावा और कोई नया काम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि उनके वार्ड के पार्षद भी 5 वर्ष में एक बार भी उनके मोहल्ले में नहीं आए हैं जिसके कारण उनकी मोहल्ले में सफाई की समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है।



### सामुदायिक भवन व शौचालय नहीं होने से परेशानी



शांतिनगर निवासी सोनू यादव ने बताया कि उनके मोहल्ले में सामुदायिक भवन और सार्वजनिक शौचालय की पिछले कई वर्षों से मांग की जा रही है। पूर्व वार्ड पार्षद तिलक पटेल को इस मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया है, लेकिन अब तक इस मांग को पूरा नहीं किया गया है, जबकि उनके मोहल्ले में दोनों भवन के निर्माण के लिए शासकीय जमीन भी उपलब्ध है।

### सौंदर्यीकरण पर लाखों खर्च फिर भी तालाब का पानी गंदा



वार्ड अंतर्गत साहूपारा में सालों पुराना साहू तालाब का सौंदर्यीकरण यहां के पूर्व पार्षद जग्गूसिंह ठाकुर के कार्यकाल में हुआ था। इस तालाब के चारों तरफ बाउंड्रीवॉल, दीवारों पर पेंटिंग से लेकर अन्य कई कार्य किए गए हैं। इस तरह सौंदर्यीकरण पर लाखों रुपए खर्च किए है। इसके बाद भी तालाब के पानी में भारी गंदगी मिली। तालाब से लगे मकान में रहने वाला चिंताराम साहू ने बताया कि पिछले सालभर पहले तालाब की सफाई हुई थी और कुछ मरम्मत का काम भी कराया गया था, लेकिन उसके बाद से तालाब पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## मेयर के 7 और पार्षद पद के लिए 25 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर के महापौर पद के लिए अब तक 8 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म खरीदा है। इनमें से 7 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन जमा भी कर दिया है। इसी प्रकार पार्षद पद के लिए 95 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म खरीदा हैं, इनमें से अब तक सिर्फ 25 प्रत्याशियों ने ही अपना नामांकन दाखिल किया है। इस तरह रायपुर निगम के 70 वार्डों की तुलना में अब तक 17 वार्डों के लिए ही नामांकन दाखिल किए गए हैं, जबकि 53 वार्डों से एक भी प्रत्याशी ने नामांकन जमा नहीं किया है। इसी प्रकार अध्यक्ष पद के लिए जिले की नगरपालिका परिषद तिल्दा में सर्वाधिक 5 तथा नगरपालिका परिषद आरंग, नगरपालिका परिषद अभनपुर, नगरपालिका परिषद खरोरा, नगरपालिका परिषद गोबरा नवापारा में 1-1 प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया है।

### पार्षद पद के लिए गोबरा नवापारा में सर्वाधिक 52 नामांकन जमा

रायपुर जिले में पार्षद पद के लिए नामांकन फार्म जमा करने में सबसे आगे गोबरा नवापारा है। यहां अब तक 52 प्रत्याशियों ने नामांकन जमा किया है। इसी प्रकार दूसरे नंबर पर नगरपालिका परिषद तिल्दा में 30 प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर चुके हैं, जबकि नगर निगम रायपुर में 25 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। इसके अलावा नगरपालिका परिषद अभनपुर में 7 एवं नगरपालिका परिषद आरंग में 2 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। मंदिर हसौद नगर पंचायत परिषद से अब तक एक भी नामांकन जमा नहीं हुआ है।

### महापौर के लिए अब तक 8 ने खरीदे फार्म, इनमें 6 मुस्लिम समाज के

नगर निगम रायपुर से महापौर पद के लिए अब तक 8 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म खरीदे हैं। इनमें शायस बैगम, शगुप्ता अंजुम खान, सरिकुन निशा, मोबीना खान, तहमीना परवीन, सितारा खान, ज्योति सिंह, नंदिनी नायक शामिल हैं। इस तरह 8 प्रत्याशियों में 6 मुस्लिम समाज के प्रत्याशी हैं। फार्म खरीदने वालों में अब तक 6 प्रत्याशियों ने नामांकन जमा भी कर दिया है।

उम्मीदवार तय करने कांग्रेस का मंथन जारी

# ढेबर को फिर मिल सकता है टिकट 32 वार्डों के उम्मीदवार लगभग तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए राजनीतिक दलों में प्रत्याशी तय करने की कवायद जारी है। शनिवार देर रात कांग्रेस ने भी नगर निगम रायपुर के 70 में से करीब 32 वार्डों के लिए प्रत्याशियों का नाम लगभग फाइनल कर लिया है। इनमें कुछ निवर्तमान पार्षदों को दोबारा टिकट दिया जा सकता है तो वहीं कुछ पार्षदों के परिजनों को चुनावी मैदान में उतारने की खबर है।

हरिभूमि को सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निगम के आधे से अधिक वार्डों के लिए प्रत्याशी तय किए जा चुके हैं, वहीं बचे वार्डों के लिए कांग्रेस की चुनाव समिति में विमर्श और चर्चा का दौर जारी है। निवर्तमान महापौर एजाज ढेबर को भगवतीचरण शुक्ल वार्ड से पार्षद प्रत्याशी बनाया जा सकता है, वहीं जहां वार्ड महिला आरक्षित हो गए हैं, वहां निवर्तमान पार्षदों की पत्नियों एवं परिजनों को टिकट देने की चर्चा जोरों पर है।





### इनकी उम्मीदवारी संभावित

1-पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड कबीर नगर- घनश्याम छत्री
2 - बंजारी माता वार्ड भनपुरी- राधिका राव
3 - महात्मा गांधी वार्ड सड्डू - गायत्री चंद्राकर
4 - रानी लक्ष्मीबाई वार्ड मोवा - मनोज वर्मा
5 - डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड मोवा - हेमंत पटेल
6 - राजीव गांधी वार्ड फाफाडीह - नीतू घनश्याम तिवारी
7 - रमण मंदिर वार्ड फाफाडीह - आसिफ मेमन
8 - कन्हैया लाल बाजारी वार्ड गुढ़ियारी - घनश्याम देवांगन
9 - डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड अशोक नगर - वारेन साहू
10 - रामकृष्ण परमहंस वार्ड छोटा अशोक नगर - श्रीकुमार मेनन
11 - पं. ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड कुकुरबेड़ा - नीलिमा सिंह
12 - शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड कोटा - रोनिता प्रकाश जगत
13 - सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड कोटा - दीप मनीराम साहू
14 - दानवीर भामाशाह वार्ड गुढ़ियारी - रुक्मिणी सुंदर जोगी
15 - शहीद हेमू कालाणी वार्ड देवेंद्र नगर - श्रीनिवास राव
16 - शंकर नगर वार्ड - मनोज मसंद
17 - नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड खम्हारडीह - निशा धोतरे
18 - शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड रामकुंड - दाऊलाल साहू
19 - ठाकुर प्यारेलाल वार्ड, विवेकानंद आश्रम - संगीता दुबे
20 - पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड सुंदर नगर - भारती शर्मा
21 - सिविल लाइंस वार्ड - नीलम जगत
22 - पं. लालबहादुर शास्त्री वार्ड लभांडी जोरा - रेणु जयंत साहू
23 - डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड देवपुरी - राजकुमार साहू
24 - बाबू जगजीवन राम वार्ड देवपुरी - सूरज जांगड़े
25 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड मठपुरैना - उमा निर्मलकर
26 - रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड लालपुर - मानसिंह ध्रुव
27 - भगवतीचरण शुक्ल वार्ड बैरन बाजार - एजाज ढेबर
28 - मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड संतोषी नगर - कविता अमित दास
29 - वामनराव लाखे वार्ड, लाखेनगर - सर्वजीत सिंह ठाकुर
30 - माधवराव सप्रे वार्ड रायपुरा - वीरेंद्र देवांगन
31 - संत रविदास वार्ड सरोना कुम्हारी - देवेंद्र साहू
32 - कालीमाता वार्ड शक्ति नगर - प्रियंका अमितेश भारद्वाज

राशि जमा होने पर ही वर्तमान पार्षदों को मिलेगी चुनाव लड़ने की अनुमति

नगर निगम रायपुर के सभी पार्षदों ने जमा किया पांच माह का मानदेय

# जिला कांग्रेस कमेटी में पांच माह का मानदेय जमा कर रहे पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी जोरों पर है। वार्ड पार्षद और महापौर का चुनाव लड़ने कांग्रेसी अपने-अपने क्षेत्रों में तैयारी में जुट गए हैं। चुनावी तैयारियों के बीच छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने अपने पार्षदों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में पांच माह का वेतन जमा करने के बाद ही चुनाव लड़ने की अनुमति देने का फरमान जारी किया था, जिसके बाद रायपुर नगर निगम के सभी 34 कांग्रेस पार्षदों ने पांच माह का मानदेय जमा कर दिया है। वहीं अन्य जिला कांग्रेस कमेटियों में भी मानदेय जमा कराया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पास अभी भी अन्य जिलों से अधिकृत जानकारी नहीं आई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने सभी पार्षदों को एक पत्र जारी चुनाव में टिकट की दावेदारी से पहले अपने पांच माह का वेतन यानी साल के एक महीने का वेतन जमा करने के लिए कहा था। यह निर्णय मनमोहन सिंह कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया। बताया गया है कि वे पार्षद ही इस चुनाव में भाग ले सकेंगे, जिन्होंने राशि जमा की होगी। वर्ष 2019-20 में नगरीय निकाय चुनाव हुआ था, तब से लेकर अब तक पार्षदों ने अपने मानदेय की राशि जमा नहीं की है। चुनाव के समय पीसीसी ने इसे खंगाला तो पाया कि प्रदेश के एक भी पार्षद ने अपना अंशदान नहीं दिया है। वर्तमान पार्षदों को एक साल में एक माह का मानदेय पार्टी फंड में देने का नियम मनमोहन कमेटी की रिपोर्ट पर बनाया गया था। इस तरह से पांच साल में पांच माह का मानदेय जिला कांग्रेस कमेटी के पास जमा करना होगा।

### वर्तमान पार्षद ही करेंगे जमा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने बताया, यह राशि केवल वर्तमान पार्षदों को जमा करनी होगी। आगामी चुनाव में वही पार्षद चुनाव लड़ सकेंगे, जिन्होंने यह राशि जमा कर दी है। आगामी चुनाव में जो प्रत्याशी चुनाव जीतेंगे, उन्हें भी इस नियम का पालन करना होगा।

### नगरीय निकाय में 1283 कांग्रेस पार्षद

बताया गया है कि 2019 में हुए नगरीय निकाय चुनावों में कांग्रेस ने 151 नगरीय निकायों के चुनाव हुए थे। इनमें 10 नगर निगम, 38 नगरपालिका और 103 नगर पंचायतों में चुनाव में कांग्रेस के लगभग 1283 पार्षद चुने गए थे। सभी पार्षदों को अपने एक साल के मानदेय में से एक माह का मानदेय पार्टी फंड में जमा कराना था। पांच सालों में एक भी कांग्रेस पार्षद ने यह जमा नहीं कराया। कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू द्वारा नोटिस जारी कर पार्षदों को याद दिलाया गया।

### जिलाध्यक्ष भेजेंगे पीसीसी को जानकारी

बताया गया है कि जिला कांग्रेस कमेटी में यह राशि जमा कराने के बाद पीसीसी को इसकी जानकारी भेजी जाएगी। अब तक पीसीसी को किसी भी जिले से पार्षदों द्वारा राशि जमा कराने की जानकारी नहीं भेजी गई है। रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे ने बताया कि नगरी निगम में 34 कांग्रेस पार्षद हैं। उन्होंने अपने मानदेय की पांच माह की राशि जमा करा दी है। पीसीसी को इसकी जानकारी जल्द भेंजेंगे। वहीं अन्य जिलों में चुनाव लड़ने के इच्छुक पार्षदों के द्वारा जमा कराए जाने की सूचना आ रही है।

### किसे, कितना मानदेय

नगर निगम के पार्षदों कर मानदेय 15 हजार रुपए प्रतिमाह है। इनमें से महापौर चुने जाने पर उनका मानदेय 30 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाता है। नगर पंचायत सदस्यों का मानदेय 6 हजार रुपए दिया जाता है। इसी प्रकार नगरपालिका के अध्यक्ष और पार्षदों का मानदेय तय है।

## रायपुर में ईडी का पूर्णकालिक जोनल ऑफिस खोलने केंद्र से मिली स्वीकृति




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यालय दिल्ली सहित देश के सात राज्यों में जोनल के साथ सब जोनल ऑफिस खोलने नए सेटअप बनाने मंजूरी प्रदान की है। मुंबई जोनल ऑफिस से संबद्ध रायपुर सब जोनल ऑफिस को पूर्णकालिक जोनल ऑफिस केंद्र ने अनुमति प्रदान की है। जोनल ऑफिस के लिए नए ज्वाइंट डायरेक्टर अगले सप्ताह पदभार ग्रहण कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ ईडी जोनल कार्यलाय के लिए वर्ष 2013 बैच के आईआरएस अफसर प्रभाकर प्रभात पहले ज्वाइंट डायरेक्टर होंगे। नए ज्वाइंट डायरेक्टर किसी भी मामले की जांच रिपोर्ट सीधे दिल्ली मुख्यालय को करेंगे। इसके पूर्व जांच रिपोर्ट मुंबई के बाद दिल्ली भेजी जाती थी। उल्लेखनीय है कि रायपुर में करीब आठ वर्ष पूर्व सब जोनल कार्यालय स्थापित किया गया है।

### इसलिए जोनल कार्यालय का दर्जा

राज्य में पिछले तीन चार वर्षों में मनी लांड्रिंग के साथ शासकीय धन के दुरुपयोग के बढ़ते मामलों से सब जोनल कार्यालय का काम बढ़ गया था। सब जोनल कार्यालय होने की वजह से स्टाफ की कमी थी। कार्रवाई तथा जांच के दौरान अलग से अफसर तथा कर्मी भेजे जाते थे। वर्तमान में रायपुर ईडी कार्यालय में दो उप निदेशक, सहायक निदेशक, प्रवर्तन अधिकारी, सहायक प्रवर्तन अधिकारी जो इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी हैं, इसके साथ ही लिपिक स्टाफ कार्यरत है। जोनल ऑफिस खुलने से स्टाफ की संख्या में बढ़ोतरी होगी। ईडी ने राज्य शासन से कार्यालय खोलने जमीन की मांग की है। वर्तमान में ईडी कार्यालय किराए के भवन में संचालित हो रहा है।

### इन मामलों की चल रही है जांच

प्रवर्तन निदेशालय वर्तमान में दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले के साथ ही साढ़े चार सौ करोड़ रुपए के कोल लेवी, मनी लॉडिंग घोटाला, कोरबा का डीएमएफ घोटाला, 127 करोड़ का कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन राशि घोटाला, 15 हजार करोड़ का महादेव सट्टा घोटाले का खुलासा कर जांच कर रहा है। इन घोटालों में पूर्व मंत्री, विधायक, तीन आईएएस, आईटीएस सहित राज्य प्रशासनिक, खनिज सेवा, पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों समेत 80 अन्य कारोबारी और उनके सहयोगी जेल में बंद हैं।


26 जनवरी
मा. मोतीलाल साहू
विधायक
रायपुर ग्रामीण
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएँ
अर्जुन साहू भाजपा कार्यकर्ता


गणतंत्र
दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं


26 जनवरी


समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुशील आनंद शुक्ला
संचार प्रमुख प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ.ग.


गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती निशा प्रधान
कुंदन दाऊ
भाजपा कार्यकर्ता, सिविल लाईन वार्ड क्र. 46


26 जनवरी
समस्त प्रदेशवासियों को
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती नीलम नीलकंठ जगत
पार्षद, सिविल लाईन वार्ड- 46


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं!
विनीत : समस्त वार्ड वासी
श्रीमती सुमन राम प्रजापति
पार्षद - शंकर नगर, वार्ड क्र. 30


शिवसेना
छत्तीसगढ़
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं!
शिवसेना
दिनेश ठाकुर
राज्य सचिव


गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
चन्द्रशेखर आजाद
संस्थापक : भीम आर्मी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष
आजाद समाज पार्टी (कां.)
विनय रतन सिंह
राष्ट्रीय अध्यक्ष
भीम आर्मी
लोकतंत्र के प्रहरी बने
छत्तीसगढ़
नगरीय निकाय
एवं
पंचायत चुनाव
लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार
संपर्क करें।
मनोज बंजारे : 98279 58613
संजू गिलहरे : 93011 54100
मनोज बंजारे
प्रदेश उपाध्यक्ष भीम आर्मी
छत्तीसगढ़
Aditya Advt.


आप सभी को
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
प्रदीप वर्मा
पूर्व पार्षद
नगर निगम रायपुर


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
हमारा मुल्क समृद्ध और शक्तिशाली बने, नव भारत निर्माण का
जो सफर हमने शुरु किया है,
वो शतत् आगे बढ़े, जय हिंद, जय भारत।
अब्दुल नासिर खान (बिट्टू)
जिला अध्यक्ष – भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, रायपुर


श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
हेमलाल साहू
प्रदेश अध्यक्ष
छग नमो नमो मोर्चा
मो. 94252-14778
जीवेश साहू
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
बधाई एवं शुभकामनाएं
देवराज बघेल
प्रदेश उपाध्यक्ष
छग नमो नमो मोर्चा
REPUBLIC DAY

## खबर संक्षेप



### डॉ. रमन से मिले बाबा रामदेव

**रायपुर।** स्पीकर हाउस शंकर नगर में शनिवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रामदेव बाबा से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डॉ. रमन ने रामदेव बाबा से योग के महत्व, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सार्थक संवाद किया। बातचीत के दौरान दोनों ने योग को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. रमन ने बाबा रामदेव की प्रशंसा करते हुए कहा, योग भारतीय संस्कृति का अमूल्य उपहार है, जो न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन भी प्रदान करता है। रामदेव बाबा ने योग को जन-जन तक पहुंचाने का जो कार्य किया है, वह प्रशंसनीय है।

### पति पर किया जानलेवा हमला, पत्नी गिरफ्तार

**रायपुर।** मुजगहन थाने की पुलिस ने एक महिला को उसके पति की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शिव कुमार बंजारे के मृत्यु पूर्व बयान के आधार पर रावणभाठा निवासी सूरज बाई जोशी को गिरफ्तार किया है। शिव कुमार ने पुलिस को बताया कि सूरज बाई उसे, उसकी पहली पत्नी के पास जाने से मना करती थी। इसके साथ ही वह उससे पैसों की मांग करने के साथ जमीन अपने नाम करने दबाव बनाती थी। मांग से इनकार करने पर सूरज बाई ने 14 जनवरी को घर में सो रहे शिव कुमार पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।



# हादसों को रोकने रेलवे ने बढ़ाई सुरक्षा, अब इंजन में 3.2 की जगह लगेगा कवच 4.0

## चार साल में देश के सभी इंजन कवच 4.0 से हो जाएंगे लैस, हर वर्ष करीब 5 हजार इंजनों पर लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

वंदे भारत एक्सप्रेस में अब सुविधा के साथ सुरक्षा भी आधुनिक होगी। देशभर में लगातार बढ़े रेल हादसों के बीच रेलवे बोर्ड ने ट्रेनों में सुरक्षा को लेकर बड़ा बदलाव किया है, जिसके तहत अब कवच 3.2 की जगह कचव 4.0 अप्रूव हुआ है। अब रेलवे ट्रेनों, स्टेशनों और ट्रैक पर कवच 4.0 लगा रहा है। भारतीय रेलवे मौजूदा समय में करीब 52 वंदे भारत एक्सप्रेस चला रहा है। इन सभी वंदे भारत ट्रेनों में कोच 3.2 लगा हुआ है, लेकिन कवच 4.0 मंजूर होने के बाद सभी वंदे भारत एक्सप्रेस को अपग्रेड किया जाएगा। जोन के अधिकारियों का कहना है कि इस काम में ज्यादा समय नहीं लगेगा। जल्द ही इस दिशा में तेजी से काम शुरू हो जाएगा। नए सिस्टम से यात्रियों का काफी हद तक सफर सुरक्षित हो सकेगा।



### पहाड़ी इलाकों से लेकर घने जंगलों तक ट्रायल

कवच 4.0 तकनीक पूरी तरह से सुरक्षित है। इसका ट्रायल पहाड़ी इलाकों से लेकर समुद्री तट तक और बर्फबारी वाले इलाकों से लेकर घने जंगलों तक किया जा चुका है। सभी इलाकों में इसका ट्रायल सफल रहने के बाद आरडीएसओ ने अप्रूवल दे दिया है। इसके बाद ही रेलवे मंत्रालय ने दो और रूटों पर लगाने का फैसला किया है। भारतीय रेलवे में 20 हजार के करीब इंजन हैं। हर वर्ष करीब 5 हजार इंजनों पर कवच 4.0 लगाया जाएगा। इस तरह अगले चार साल में सभी इंजन कवच 4.0 से लैस हो जाएंगे। इसके साथ ही ट्रैक और स्टेशन प्वाइंट पर भी कवच 4.0 लगाया जाएगा। इन तीनों जगह कवच लगने के बाद ट्रेनों में टक्कर होने की संभावना खत्म हो जाएगी।

### बेहतर सुरक्षा के लिए बदलाव

देश में इस समय वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सभी यात्रियों की पसंदीदा ट्रेन बनी हुई है। पूर्वोत्तर राज्यों के साथ ये ट्रेनें देश के सभी राज्यों को कवर कर रही हैं। रेल मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि सफर के दौरान यात्रियों को सेफ्टी और सेक्योरिटी प्रदान करना भारतीय रेलवे की प्राथमिकता है। इसी कड़ी में ट्रेन हादसों को रोकने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है।

## विभागीय अफसर बाघिन की मेटिंग के साथ आपसी संघर्ष को मौत का कारण बता रहे

# अफसर इतने एक्सपर्ट कि पोस्टमार्टम के पहले जान गए बाघिन की मौत का कारण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के लमनी कोर एरिया के छिरहट्टा के जंगल में बाघिन की मौत को लेकर वन अफसरों ने एक प्रेस नोट जारी किया है। विभाग द्वारा जारी प्रेस नोट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। प्रेस नोट में अफसरों ने बाघिन की मौत मेटिंग के दौरान संघर्ष होने की आशंका व्यक्त की है। विभागीय अफसरों ने जो प्रेस नोट जारी किया है, सूत्रों के मुताबिक तब बाघिन का पोस्टमार्टम किया ही नहीं गया था।

- एक्सपर्ट मेटिंग के दौरान बाघिन की मौत को असंभव बता रहे

उल्लेखनीय है कि वन अफसरों को शुक्रवार को बाघिन की मौत होने की जानकारी मिली थी। बाघिन की मौत दो दिन पूर्व हुई थी। बाघिन की मौत के बाद अफसरों ने बयान जारी कर बताया कि एटीआर अंतर्गत लमनी कोर परिक्षेत्र के छिरहट्टा के जंगल में एकेटी- 13 मादा टाइगर की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई है। मौत के कारण टी-200 के साथ मेटिंग या टेरिटरी की लड़ाई का परिणाम


एटीआर में बाघिन की मौत

रेस्क्यू बाघ के मवेशीखोर होने से प्रबंधन पर उठ रहे सवाल

- दो दिन के बाद एटीआर प्रबंधन को बाघिन की मौत की जानकारी मिली
- चिरमिरी से रेस्क्यू कर लाया गया बाघ अमरकंटक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राज्य में बाघों की संख्या बढ़ाने संघर्षरत वन विभाग के प्रयासों को बड़ा झटका लगा है। एटीआर में आपसी संघर्ष में एकेटी-13 नामक बाघिन की मौत हो गई है। प्रकृतिक आवास को लेकर बाघों के बीच संघर्ष होने की बात सामने आई है। बाघिन की मौत की घटना की जानकारी वन अफसरों की टीम को दो दिन बाद शुक्रवार को मिली। इसके साथ ही चिरमिरी से रेस्क्यू कर लाया बाघ मवेशीखोर हो गया है। इसके चलते बाघ की सुरक्षा को लेकर गंभीर संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वन विभाग के लिए राहत की बात यह है कि रेस्क्यू बाघ वर्तमान में मध्यप्रदेश के अमरकंटक क्षेत्र में प्रवेश कर गया है। अचानकमार में बाघिन की लाश लमनी क्षेत्र के चिरहट्टा के पास मिली है। घटना के बाद वन अफसरों की उदासीनता भी सामने आई। जानकारी होने के बावजूद, अधिकारी दोपहर बाद ही घटनास्थल पर पहुंचे, जो वन्यजीव संरक्षण के प्रति उनकी गंभीरता पर सवाल उठाता है। जिस बाघिन की मौत हुई है। बताया जा रहा है, उक्त बाघिन लमनी क्षेत्र के आस-पास विचरण करती है। अचानकमार में पिछले एक साल में बाघों की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्तमान में एटीआर में बाघों की संख्या 10 हो गई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए वन अफसरों को विशेष सतर्कता बरतने के साथ मैनेजमेंट में और सुधार करने की जरूरत है।

प्रे-बेस की कमी से संकट गहराया

अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उनके शिकार के लिए पर्याप्त संख्या में वन्यजीव नहीं है। क्षेत्र में विचरण कर रहे बाघ पेट भरने के लिए वनों में चरने वाले पालतू मवेशियों का शिकार करते हैं। जानकारी के अनुसार शिकार की कमी के चलते चिरमिरी से रेस्क्यू बाघ अचानकमार से निकलकर कोरबा, मरवाही, पेंड्रा में भटकते हुए अमरकंटक पहुंच गया है। जंगल में भटक रहे बाघ द्वारा अब तक आधा दर्जन मवेशियों का शिकार कर चुका है। इसके चलते बाघ की सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

बताया। साथ ही एनटीसीए के प्रोटोकॉल के तहत बाघिन का पीएम करने की जानकारी देते हुए पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही।

### मेटिंग के दौरान नहीं होता संघर्ष

वन्यजीव के जानकारों के मुताबिक जंगल में बाघ प्रेरित ओव्यूलेटर होते हैं, जिसका अर्थ है कि बाघिन के अंडाशय संभोग के जवाब में अंडे (ओव्यूलेट) छोड़ते हैं। बाघ बेतरतीब ढंग से मेटिंग नहीं करते, इसके बजाय, वे एक विशिष्ट प्रजनन पैटर्न का पालन करते हैं। इसके तहत बाघिन हिट में आने के बाद (एस्ट्रस) में थोड़े समय के लिए आती है, आमतौर पर 3-9 दिनों के लिए वह मेटिंग के लिए ग्रहणशील होती है और मेटिंग के लिए प्रेरित करने साथी की तलाश में गुर्राने के साथ गंध और अपने चिन्ह छोड़ते हैं। इस तरह से बाघिन अपने लिए मेटिंग के लिए साथी तलाश करती है। मेटिंग के लिए बाघिन जब तक तैयार नहीं होगी, नर बाघ, बाघिन के साथ किसी भी हाल में मेटिंग नहीं कर सकता।

### नर के टेरिटरी में कई बाघिन रह सकती हैं

नर बाघ के टेरिटरी में कई मादा बाघ रह सकती हैं। नर बाघ चाहता है कि उनके जंगल में ज्यादा से ज्यादा बच्चे हों। इसलिए नर बाघ अपने टेरिटरी में आने वाली बाघिन के साथ संघर्ष नहीं करता। मादा बाघ भी चाहती है कि उनके बच्चे मजबूत और स्वस्थ्य हो, इसलिए मादा बाघ हमेशा बलशाली तथा स्वस्थ्य बाघ के साथ मेटिंग करना चाहती है।

### असंभव है

विभाग का यह दावा कि बाघिन की मौत टी -200 नर बाघ के साथ मेटिंग को लेकर लड़ाई के कारण हुई, असंभव प्रतीत होता है। बाघ, एस्ट्रस के बाहर बाघिनों के साथ संभोग करने का प्रयास नहीं करते। यदि एकेटी-13 एस्ट्रस में होती, तो यह असंभव है कि वह टी-200 के साथ लड़ती, क्योंकि वह स्वस्थ, उपयुक्त नर के साथ मेटिंग करना पसंद करती। इसके अलावा, बाघ और बाघिन के क्षेत्रों का ओवरलैप ऐसे संघर्षों को दुर्लभ बनाता है।

**- नितिन सिंघवी,** वन्यजीव प्रेमी

## बिजनेस साइट

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया रायपुर में स्वच्छता अभियान

**रायपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया रायपुर ने केंद्रीय कार्यालय के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान आयोजित किया। शंकर नगर शाखा रायपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में अंचल प्रमुख बीआर रामाकृष्णा नायक, क्षेत्रीय प्रमुख राजकिशोर केरकेट्टा, उप अंचल प्रमुख राजेश कुमार सिंह और बैंक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए। यह स्वच्छता अभियान 16 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का हिस्सा है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देशभर में स्वच्छता के स्तर को बेहतर बनाना है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया रायपुर अंचल की छत्तीसगढ़ और ओडिशा में स्थित सभी क्षेत्रीय कार्यालय और शाखाएं इस अभियान में पूरी तरह से शामिल हो रहे हैं, ताकि इसे सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके और देश में स्वच्छता का संदेश फैलाया जा सके।



### संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल में कैंसर उपचार के लिए अत्याधुनिक मशीनें





**रायपुर।** संजीवनी सीबीसीसी कैंसर अस्पताल ने कैंसर उपचार के लिए अत्याधुनिक 3डी लैप्रोस्कोपिक मशीन और आईसीजी (इंडोसाइनिन ग्रीन) तकनीक से सुसज्जित कार्ल स्टोर्ज मशीन का उपयोग शुरू किया है, जो सर्जरी में अधिक सटीकता और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करती है। इस तकनीक के बारे में डॉ. यूसुफ मेमन (सीनियर सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट और डायरेक्टर) ने बताया कि यह मशीन ऑपरेशन के दौरान सर्जन को गहराई और स्पष्टता प्रदान करती है, जिससे ट्यूमर को सही तरीके से देखा जा सकता है। आईसीजी तकनीक की मदद से सेंटिनल लिम्फ नोड्स की सटीक मैपिंग की जा सकती है, जो कैंसर के फैलाव का पता लगाने में सहायक होती है।




















समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं!
श्रीमती पुष्पा साहू
रोहित साहू
विनीत : समस्त कार्यकर्ता व मित्रगण




26 जनवरी
गणतंत्र
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं




26 JANUARY
REPUBLIC DAY
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं!
गोपेश साहू
पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड




गणतंत्र दिवस
26 जनवरी
की हार्दिक
शुभकामनाएं
राज साहू
फिल्म निर्माता एवं अभिनेता
डायरेक्टर - राज प्रापर्टी
Follow us :-
+91-9165586666
+91-9584444523




संजय त्रिपाठी
अध्यक्ष
बाँके बिहारी अग्रवाल
महासचिव
प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन
प्रथम तल, सोना टॉवर, रामसागर पारा, रायपुर (छ.ग.)
फोन : 0771-2292732, फैक्स : 0771-4032514, ईमेल : office.cgsra@gmail.com




ॐ श्री सांई
बोरवेल्स
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
स्पेशलिस्ट 5", 6", 7" बोर खनन एवं
सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प उपलब्ध है
प्रो. मनीष मिश्रा
कुशालपुर चौक रिंग रोड नं. 1, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9407714760, 8839001070




CITYLIF
सबसे कम दाम की गारंटी
सिटी लाईफ ई वी. के साथ
ई रिक्शा खरीदने
पर ई-स्कूटी फ्री
जल्दी किजिए कही ये
मौका हाथ से
निकल न जाये
शर्ते लागू*
2000 रु. प्रतिदिन
कमाने का
सुनहरा अवसर
आर.टी.ओ द्वारा
20 हजार की छूट
City Life XV-MAX
मजबूत बॉडी
100 कि.मी./ चार्ज
4×6 के डाला के साथ
वाहन क्षमता 700
किलो तक
स्पेशल आफर
आज ही बुक कराये, पहले आए पहले पाएं
आसान फायनेंस सुविधा, एक दिन में गाड़ी लेकर जाये
एक बार चार्ज होने पर
80-110 किमी. चलती जाए...
करन मोटर्स
मो.: 9826777050, 9584500013
स्टेशन रोड, गुरूद्वारा के पास तेलघानी नाका, रायपुर
हिल्सर होटल के पास, राम नगर, रायपुर




SUNDAY OPEN
पोषाक ऐसा जो आपके
त्यौहारों की चमक बढ़ा दें...
29 YEARS
Experience of
Quality Stitching
VIKAS
VASTRAM
SHOPPING
FESTIVAL
विशेष ऑफर मात्र
1599/-से प्रारंभ
3पीस कुर्ता पायजामा
जैकेट सहित
दुल्हा-दुल्हन
के आधुनिक वस्त्र तैयार करते है हम...
FANCY SAREES
AVAILABLE
फैमली शॉप
ब्रांडेड फैंसी साड़ी | कुर्ती | ब्रांडेड किड्स वेयर | ब्रांडेड मेन्स वेयर
ब्रांडेड सूटिंग शटिंग पर 50% तक आकर्षक छूट
Raymond
Siyaram's
OCM
Arvind
Solino
CADINI
VASTRAM
Complete Family Wear
Vikas
Men's Fashion Club
www.vikastailor.com

## सिटी स्पोर्ट्स

# राष्ट्रीय शालेय खेल में छत्तीसगढ़ की दोनों टीम क्वार्टर फाइनल में



**रायपुर।** औरंगाबाद महाराष्ट्र मे चल रहे स्कूल नेशनल टूर्नामेंट में सॉफ्टबॉल अंडर-19 में छत्तीसगढ़ की बालक वर्ग की टीम ने आज अपने पहले लीग मैच मे जम्मू कश्मीर को 10-02 के बड़े अन्तर से हराया। तीन पारी की इस मैच मे पहले बैटिंग करते हुए बेमेतरा के अमित पाटिल के शानदार 07 बनाए। बाद मे जम्मू टीम को बिना सिर्फ 02 रन मे आउट कर दिया। बाद मे छत्तीसगढ़ की टीम ने दूसरी पारी में 03 रन बनाकर मैच खत्म कर दिया। छत्तीसगढ़ की बालिका टीम नें लीग मैच में तेलंगाना को 10-00 से हराकर अपनी अच्छी शुरूआत की है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की बालक और बालिका दोनों टीमें क्वार्टर फाइनल मे पंहुची। बालक टीम ने पंजाब की टीम को 10-02 से हराया जिसमे छत्तीसगढ़ के अजय, शुभम और कौशल ने शानदार बैटिंग की। बालिकाओं ने आंध्र प्रदेश को 10-00 से हराकर क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया। जिसमें प्रियंका,देवयानी,तारिणी, जिज्ञासा, नेहा ने बढ़िया खेल का प्रदर्शन किया।

# स्टेट अंडर-17 फुटबॉल में शेरा एफसी रायपुर की टीम विजेता



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित प्रथम छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर-17 फुटबॉल लीग चैंपियनशिप के अंतर्गत शनिवार को पंत स्टेडियम में एक मैच खेला गया। शेरा एफसी रायपुर एवं दा एफए एन्ड क्लब रायगढ़ के मध्य हुए मैच में शेरा एफसी ने 7-0 से जीत दर्ज की। शेरा एफसी की ओर से जर्सी नंबर 33 सुमित ने तीन गोल किया। पहला गोल 25 वें मिनट में, दूसरा गोल 36 वें मिनट और अपना तीसरा गोल 45 वें मिनट में किया। जर्सी नंबर 7 मोहम्मद अफ्फान करीम ने दो गोल किया। पहला गोल चौथे मिनट में और दूसरा गोल 18 वें मिनट में किया। जर्सी नंबर 17 आर्यन बख्शी ने 39 वें मिनट में तथा जर्सी नंबर 6 समर अब्बास ने 87 वें मिनट में एक एक गोल किया।

# सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में महिला महाविद्यालय की टीम फिर बनी विजेता



**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में शंकराचार्य इंस्टिट्यूट द्वारा आयोजित सॉफ्टबॉल महिला प्रतियोगिता में शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये लीग पद्धति से खेले गये मुकाबलो में विजेता का गौरव प्राप्त किया है। पहले मुकाबले में धरसींवा की टीम को 10-0 एवं पारी से हराया एवं अंतिम मुकाबले में पीजी डागा की टीम को 7-3 एवं पारी से पराजित किया। उक्त जानकारी डॉ कर्मिष्ठ शंभरकर (क्रीड़ा विभाग) ने दी।

# आत्मानंद स्कूल के अंकुश रहे सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर




**भिलाई।** एम.जी.एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-6 भिलाई में 12 वीं मार थियोडोसियस फुटबॉल टूर्नामेंट में दर्शकों को शानदार फुटबॉल खेल देखने का मौका मिला। समापन समारोह में पुरस्कार वितरण के दौरान विजेता टीमों और खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर अंकुश कुमार, स्वामी आत्मानंद सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल, रिसाली, सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डरः यशवर्धन सिंह पवार, एम. जी. एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिलाई, सर्वश्रेष्ठ स्टॉपरः के. साई तेजा, एम.जी.एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिलाई,सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीः आर. ऋषिक कुमार, एम.जी.एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिलाई,गोल्डन बूट ऑफ द ईयरः के. लक्ष्य, एम.जी. एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिलाई रहे। कार्यक्रम का समापन मुकेश श्रीवास्तव के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ और स्कूल ध्वज को सम्मानपूर्वक उतारकर टूर्नामेंट का समापन किया गया। यह टूर्नामेंट युवा फुटबॉल उत्साहियो के लिए अपने कौशल और प्रतिभा को दिखाने का एक मंच था, जिससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और एकता की भावना को बढ़ावा मिला।

## ठंड के दिनों में अस्थमा के मरीजों को ज्यादा सावधान रहने की जरूरत

# सर्दियों में बढ़ सकती हैं अस्थमा की समस्या, खान-पान में एहतियात बरतने के साथ संपर्क में रहें अपने डॉक्टर के

सर्दियों का ये मौसम आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चे-बुजुर्ग और कुछ प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के शिकार लोगों को ठंडक से बचाव करते रहना बहुत जरूरी हो जाता है। गिरता तापमान ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय रोगों से लेकर सांस की समस्याओं के शिकार लोगों की दिक्कतों को बढ़ाने वाला हो सकता है। यही कारण है कि इस मौसम में लोग अधिक बीमार पड़ते हैं। ऐसे में अगर आपको भी इस तरह की कोई दिक्कत है तो सावधान हो जाने की आवश्यकता है।

सर्दियों का मौसम सांस के रोगियों जैसे अस्थमा, ब्रोंकाइटिस या फिर निमोनिया जैसी बीमारियों के शिकार लोगों के लक्षणों को बढ़ाने वाली हो सकती है। हवा में शुष्की और ठंडक के कारण श्वसन तंत्र की समस्याओं के शुरू होने का भी खतर हो सकता है। आइए जानते हैं कि ठंड का मौसम किस प्रकार से श्वसन समस्याओं के शिकार लोगों के लिए समस्याकारक है और बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है?



### ठंड के मौसम में अस्थमा की दिक्कत

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अस्थमा के शिकार लोगों के लिए ये जानना जरूरी है कि किन चीजों से आपकी समस्या ट्रिगर हो सकती है। पर्यावरणीय एलर्जी, बीमारी या तापमान में परिवर्तन इनमें से प्रमुख है। कई लोग बताते हैं कि सर्दियों के महीनों के दौरान उनके लक्षण बढ़ जाते हैं।

मौसम में बदलाव, हवा में शुष्की के कारण आपके वायुमार्ग में जलन हो सकती है, जिसमें वायुमार्ग की परत में सूजन बढ़ने लगती है। यह जलन-सूजन अस्थमा के लक्षणों को बदतर बना देती है। रोगी को सीने में जकड़न, खांसी, सांस लेने में तकलीफ और घरघराहट जैसी दिक्कतें होने लगती हैं।

### सर्दियों में बढ़ सकती हैं श्वसन समस्याएं

श्वसन रोग विशेषज्ञ बताते हैं, न केवल अत्यधिक गर्मी और ठंड आपके अस्थमा को ट्रिगर करती है, बल्कि तापमान में अचानक बदलाव के कारण भी दिक्कतों के बढ़ने का खतरा रहता है। मौसम में बदलाव के अलावा सर्दियों के महीने आमतौर पर श्वसन वायरस में वृद्धि वाले भी होते हैं, जो अस्थमा रोगियों के लिए ट्रिगर होते हैं। इस मौसम में आरएसवी, फ्लू, सामान्य सर्दी और कोविड-19 जैसे संक्रमण के कारण भी अस्थमा पीड़ितों की समस्या बढ़ सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि सर्दियों के महीनों के दौरान वायरल संक्रमण 60 से 70% तक अस्थमा के जोखिमों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

### क्या है डॉक्टर्स की सलाह?



डॉ. सलाह देते हैं कि जब मौसम बदलता है तो अस्थमा या सांस के अन्य रोगियों को अपने पल्मोनोलॉजिस्ट की सलाह जरूर ले लेनी चाहिए। सुनिश्चित करें कि ठंड से बचाव करते रहें, दवाओं में लापरवाही न करें। सर्दियों में गर्म कपड़े पहनें, विशेष रूप से मुंह, नाक और सिर के आसपास के हिस्सों को अच्छी तरह से ढक कर रखें। किसी भी जटिलता से बचाव के लिए इनहेलर हमेशा अपने पास रखें।

डॉक्टर कहते हैं, सर्दियों के दौरान अस्थमा के ट्रिगर होने का एक कारण इनडोर प्रदूषण भी हो सकता है। न केवल ठंड का मौसम अस्थमा से पीड़ित लोगों के लिए

# सर्द हवाओं के बीच ये जायकेदार सूप आपकी बॉडी को रखेंगे गर्म

सर्दियों में हर व्यक्ति को अपनी डाइट में सूप जरूर शामिल करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि सूप हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं, जिससे बॉडी हाइड्रेट रहती है और गर्माहट का एहसास भी होता है। साथ ही,ऐसे कई न्यूट्रिएंट्स होते हैं, जो हेल्थ के लिए भी फायदेमंद होते हैं। कई लोग बीमारी से बचने के लिए सूप एक हेल्दी ऑप्शन है। रोजाना सूप पीने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है और यह वायरल इंफेक्शन से आपको बचाता है। ऐसे में हम सभी को घर पर सूप बनाकर पीना चाहिए। लेकिन बार-बार वही सब्जियों का सूप पीकर आप बोर हो चुकी हैं, तो इस बार कुछ नया ट्राई करें और हमारी बताई गई रेसिपी को फॉलो करें।

### मनचाव सूप

वैसे तो सूप की बहुत सारी वैरायटी मौजूद है, जिसे हम अपनी पसंद के हिसाब से ट्राई कर सकते हैं।आपको मनचाव सूप ट्राई करना चाहिए, इसकी रेसिपी हम आपके साथ साझा कर रहे हैं। बता दें मनचाव सूप न सिर्फ अच्छा होता है, बल्कि बनाने में भी आसान है। सबसे पहले एक बाउल में सभी सामग्रियों को निकालकर रखें। फिर तमाम सब्जियों के छिलके उतारकर अच्छी तरह से धो लें और छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब एक गैस पर पैन गर्म करने के लिए रखें और सभी सब्जियों को डालकर हल्का फ्राई करें। लगातार चलाते रहें और पानी डालकर थोड़ी देर के लिए रख दें। फिर इसमें नमक, लाल



मिर्च पाउडर, सॉस और सभी सामग्रियों को डाल दें। पकाकर अच्छी तरह से चलाएं और पानी डालकर नमक डाल दें। अब ऊपर से सभी सामग्रियों को डालें और अच्छी तरह से उबालकर गाढ़ा करें। बस आपका सूप बनकर तैयार है।

### टमाटर का सूप

सबसे पहले टमाटर धोकर बड़े-बड़े टुकड़ों में काट लें। अब एक बर्तन में दो कप पानी डालें और हल्की आंच पर उबाल लें। पीनी उबालने के बाद टमाटर डालकर लगातार चलाते हुए पकाएं। जब टमाटर अच्छी तरह नर्म होकर पक जाएं, यानी पानी गाढ़ा हो जाए तो गैस बंद कर दें। अगर आपको जल्दी है तो फिर आप कुकर में पानी और टमाटर डालकर दो सीटी लगा लें। आपका काम बहुत आसान हो जाएगा। टमाटर को निकालकर ठंडे पानी में डालें और फिर छिलका उतार लें। अगर टमाटर ज्यादा सर्द हवाओं में ये सूप बॉडी को रखेंगे गर्म।

# घर में आते ही होने लगती है टेंशन, यह वास्तु दोष तो नहीं



जैसे ही वे घर के अंदर आते हैं, उन्हें एक अजीब सी नेगेटिविटी का अहसास होता है और ऐसे में उनका घर के अंदर रुकने का मन ही नहीं करता है। अगर वे घर के अंदर रहते भी हैं तो भी उन्हें एक अजीब सा स्ट्रेस होने लगता है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही हो रहा है तो यह घर के वास्तुदोष के कारण हो सकता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको ऐसे कुछ वास्तुदोष के बारे में ही बता रहे हैं, जो घर में घुसते ही आपके मन में टेंशन का कारण बन सकते हैं-

### बहुत अधिक अंधेरा होना

अगर आपके घर में घुसते ही एंट्रेस पर बहुत अधिक अंधेरा है तो यह एक तरह की नेगेटिविटी क्रिएट करता है। इससे व्यक्ति का मन घर के अंदर आने का करता ही नहीं है। वह वापिस घर से बाहर जाना चाहता है। यह उसे एक अजीब तरह ही टेंशन देता है। इतना ही नहीं, घर की एंट्रेस की दीवारों पर सीलन या चटका हुआ प्लास्टर भी बिल्कुल अच्छा नहीं माना जाता है। इससे भी व्यक्ति को घर में घुसते ही टेंशन का अहसास होने लगता है। कई बार घरों में एंट्रेस के ठीक सामने सीढ़ियां बनी हुई होती हैं। ऐसे में दरवाजा खोलते ही व्यक्ति की नजर सबसे पहले सीढ़ियों पर जाती है। यह भी एक तरह की नेगेटिव एनर्जी क्रिएट करता है। इससे व्यक्ति को घर में घुसते ही टेंशन शुरू हो जाती है। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो आपको सीढ़ी के सामने कोई रुकावट खड़ी कर देनी चाहिए। जिससे घर में आने वाले व्यक्ति की सीधी नजर दरवाजे पर ना जाए।

### टॉयलेट का दरवाजा

कुछ घरों को ऐसे भी बनाया जाता है कि घर के एंट्रेस के दरवाजे के ठीक सामने टॉयलेट का दरवाजा होता है। इसे भी वास्तुशास्त्र के अनुसार अच्छा नहीं माना जाता है।



# बच्चों को पढ़ाई के लिए दे रहे हैं फोन तो नजर रखने के लिए बस करें ये सेटिंग

आजकल ऑनलाइन क्लासेज का क्रेज काफी बढ़ गया है। हर स्कूल-कॉलेजों में स्मार्ट क्लासेज का होना आम बात है। बच्चे घर पर भी आकर स्मार्टफोन से पढ़ाई करते हैं। लेकिन, कई बार बच्चे स्टडी का नाम लेकर इधर-उधर की चीचें भी सर्च करने लगते हैं, जो उनके ध्यान को भटकाने में कारगर होता है। यही नहीं, क्लासेस का बहाना करके कई बार बच्चे घंटों गेम भी खेलने लगते हैं, जिससे न सिर्फ समय की बर्बादी होती है बल्कि उनका दिमाग भी पढ़ाई से दूर हो जाता है। अगर आप भी अपने बच्चों के इस हरकत से परेशान हैं और उनपर पैनी नजर रखना चाहती हैं, तो डिजिटल वैलबीइंग सेटिंग का फीचर बिल्कुल आपके लिए है। तो चलिए जानते हैं सेटिंग करने का तरीका क्या है।

### डिजिटल वैलबीइंग क्या काम करता है?



गूगल का डिजिटल वैलबीइंग फीचर काफी शानदार है। इसकी मदद से आपका मोबाइल फोन किस तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है, इसका पता लगता है। इसमें आप ऐप टाइमर सेट कर सकते हैं। इसके अलावा, इसकी खास बात ये है कि इसमें टाइम पर डिस्प्ले बदलने की सुविधा भी मौजूद है। ऐसे में आपके बच्चे फोन का इस्तेमाल स्टडी के लिए कर रहे हैं या कुछ और देख रहे हैं, यह जानकारी भी बता सकता है। हालांकि, गूगल डिजिटल वैलबीइंग फीचर सिर्फ एंड्रॉयड 10 या इससे बाद के वर्जन पर ही काम करेंगे।

### कैसे करें डिजिटल वैलबीइंग की सेटिंग?

इस फीचर का इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले अपने फोन की सेटिंग में जाएं। यहां आपको Digital Wellbeing and Parental Controls के ऑप्शन पर टैप करना है। आप इसे ढूंढने के लिए सेटिंग में डायरेक्ट सर्च भी कर सकती हैं। इसके बाद, आपको ऐप के सारे आइकन्स की लिस्ट दिखेगी। इसके नीचे सेट गोल का ऑप्शन आएगा, जिसपर क्लिक करना है। इसके बाद आपके सामने टाइम सेट करना है। बस आपके फोन में सेटिंग हो जाएगी और सेटिंग के अनुसार फोन की डिस्प्ले ऑफ हो जाएगी। इसके अलावा, आप पहली बार डिजिटल वैलबीइंग ओपन करेंगी तो प्रोफाइल सेटअप करना होगा। बस इससे आप मैनेज कर पाएंगी कि फोन का किस तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है।



## कार्नर न्यूज

## शिवपुरी टेहरी उत्तराखंड में 27 जनवरी से होने जा रहा राष्ट्रीय खेल

# कड़े प्रशिक्षण के बाद राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयार हुई छत्तीसगढ़ राज्य बीच हैंडबाल महिला टीम

**भिलाई।** 38वीं राष्ट्रीय खेल का आयोजन उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड सरकार द्वारा भारतीय ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय खेल में बीच हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन शिवपुरी टेहरी (उत्तराखंड) में 27 से 31 जनवरी तक किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की 13 सदस्यीय बीच महिला हैंडबाल टीम छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन के बैनर में भाग ले रही है।

राष्ट्रीय खेल में भाग लेने के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य की बीच महिला हैंडबाल टीम का राष्ट्रीय खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने हेतु विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बीच वॉलीबॉल ग्राउण्ड, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1, भिलाई में दिनांक 18 जनवरी से 23 जनवरी तक मुख्य प्रशिक्षक एवं पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शेख मौला, सहायक प्रशिक्षक एवं पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जुलियट विनय तथा प्रबंधक एवं पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अमिता मोहापात्रा के संरक्षण में किया गया। इस शिविर का समापन 23 जनवरी को दोपहर दुर्ग सांसद विजय बघेल, उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ भारोत्तोलन संघ एवं अध्यक्ष जिला ओलम्पिक संघ, दुर्ग के करकमलों हुआ। इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन द्वारा प्लेइंग किट - ट्रेकसूट, विनसिटर, टी-शर्ट, जूता, मोजा, कैप, कीट बैग, ब्लेजर आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर 38वीं राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में छत्तीसगढ़ प्रतिनिधिमंडल के शेफ-डी-मिशन सहीराम जाखड़, बशीर अहमद खान, संस्थापक सदस्य छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ एवं कोषाध्यक्ष, भारतीय फेंसिंग महासंघ, जी. सुरेश पिल्लई, अध्यक्ष, भारतीय पंजा कुश्ती महासंघ, छत्तीसगढ़ रोविंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रामजस पाल, भिलाई इस्पात संयंत्र हैंडबाल क्लब के सचिव अब्दुल रहीम, छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ के महासचिव समीर खान, राष्ट्रीय हैंडबाल अकादमी के पूर्व एन.आई.एस. एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक एम. सुरेश कुमार, पूर्व अंतरष्ट्रीय हैंडबाल खिलाड़ी बी.डी. करुपति, टीम के प्रशिक्षक शेख मौला एवं सहायक प्रशिक्षक जुलियट विनय उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ राज्य की बीच महिला हैंडबाल टीम 38 वें राष्ट्रीय खेल में भाग लेने 24 जनवरी को हमसफर एक्सप्रेस से रवाना हुई तथा दिनांक 02 फरवरी 2025 को छत्तीसगढ़ लौटेंगी।



### टीम में शामिल हैं खिलाड़ी और प्रशिक्षक

प्रशिक्षण शिविर के समापन पर सांसद विजय बघेल ने 38वीं राष्ट्रीय खेल, उत्तराखंड में भाग लेने वाले खिलाड़ियों एवं अधिकारियों की घोषणा की। इस टीम में- कंचन महानंद (दुर्ग जिला), भाविका रामटेके (दुर्ग जिला), सुनिधि मिश्रा (दुर्ग जिला), प्रिया तिवारी (दुर्ग जिला), प्रीति साहू (रायपुर जिला), प्रिया (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर), काजल (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर), गौरव (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर), सुरक्षा (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर), पंकज सांगवान (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर), प्रशिक्षक शेख मौला (दुर्ग जिला), सहायक प्रशिक्षक जूलियट विनय (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर) और प्रबंधक अमिता मोहापात्रा (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर) शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### नातिन धोबिन दाई परिसर में आज फहराएंगे ध्वज

**रायपुर।** शहर जिला धोबी समाज द्वारा नातिन धोबिन दाई परिसर बोरियाखुर्द में 26 जनवरी को सुबह 10 बजे प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर द्वारा ध्वज फहराया जाएगा। इस अवसर पर समाज के बालक-बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही खेलकूद का भी आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन, खिलाड़ी, योग साधक के साथ मिलकर रावणभाठा में सुबह 9 बजे प्रदेशाध्यक्ष तिरंगा फहराएंगे करेंगे।

### जनजातीय और लोककला का लोकरंग आज से

**रायपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनजातीय और लोककलाओं के 40वें राष्ट्रीय समारोह 'लोकरंग' का शुभारंभ रवींद्र भवन परिसर में 26 जनवरी को शाम 6 बजे होगा। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस समारोह में पारंपरिक बहुवर्णी नृत्य, गायन-वादन, शिल्प और व्यंजन मेला पर केंद्रित होगा। महान संत रविदास के जीवन और उनकी वाणी को समवेत नृत्य-नाट्य "संत रैदास" प्रस्तुति दी जाएगी, जिसके सूत्रधार प्रसिद्ध अभिनेता गोविंद नामदेव होंगे। साथ ही 27 से 29, जनवरी को दोपहर 2 बजे से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन एवं प्रदर्शन किया जाएगा। समारोह के अंतिम दिन 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर ख्यात गायिका स्वाति मिश्रा मुंबई अपने साथी कलाकारों के साथ गायन प्रस्तुति देंगी।

## निधन

### चंद्रहास तिवारी

**रायपुर।** समता कॉलोनी निवासी चंद्रहास तिवारी (73) का 25 जनवरी को हैदराबाद में निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 26 जनवरी को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अनिल तिवारी के बड़े भाई और पवित्र के पिता थे।



# परीक्षा देने आए तो रविवि ने लौटाया, अगले दिन कुलपति कक्ष के गेट पर चढ़ गए छात्र

**मामला एमबीए प्रथम सेमेस्टर का, 2 जनवरी से प्रारंभ हुई है विवि की परीक्षाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विद्यार्थियों ने शनिवार को जमकर हंगामा किया। ये हंगामा रविवि द्वारा परीक्षा कार्य में बरती गई लापरवाही के कारण छात्रों ने किया। पं. रविशंकर शुक्ल विवि की परीक्षाएं 2 जनवरी से प्रारंभ हुई हैं। इसके अंतर्गत शुक्रवार को एमबीए प्रथम सेमेस्टर के इंडियन नॉलेज सिस्टम की परीक्षा रखी गई थी। विद्यार्थी जब परीक्षा दिलाने पहुंचे, तो उन्हें प्रश्नपत्र ही वितरित नहीं किए जा सके। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, विवि द्वारा इस विषय के प्रश्नपत्र ही छापे नहीं जा सके थे। शुक्रवार को विद्यार्थियों को गोलमोल जवाब देकर भेज दिया गया। इसके बाद शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में विरोध-प्रदर्शन किया गया।



### परीक्षा प्रबंधन प्रणाली लागू करने मांग

एबीवीपी ने लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। परीक्षा संचालन में पारदर्शिता लाने के लिए प्रभावी परीक्षा प्रबंधन प्रणाली लागू करने और परीक्षा संचालन की निगरानी के लिए एक विशेष समिति का गठन करने भी विद्यार्थी परिषद ने सुझाव दिए हैं। विवि प्रबंधन ने दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसके बाद छात्रों का विरोध प्रदर्शन समाप्त हुआ। इस दौरान महानगर मंत्री प्रथम फूटाने, हर्षित कौर, आशीष सिन्हा, मन साहू, जितेश, भूषण शर्मा, देव बर्मन, दिव्या वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कुलपति से मुलाकात नहीं कराए जाने पर छात्र उनके कक्ष के बाहर गेट पर चढ़ गए। कई छात्र कुलपति कक्ष जाने वाले मार्ग में ही लेट गए। एबीवीपी ने कहा, यह घटना विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। पिछले दिनों भी विश्वविद्यालय में परीक्षा से संबंधित कई गड़बड़ियां सामने आई हैं। इसमें गलत प्रश्नपत्र का वितरण और उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में देरी जैसी चीजें शामिल हैं। इन घटनाओं ने छात्रों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डाला है और विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

## एक माह पहले 400 रुपए किलो था लहसुन, अब चिल्हर में 200 से 220 रुपए

# लहसुन-जीरा की कीमत में राहत का तड़का, आलू-प्याज भी सस्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लंबे समय से लहसुन और जीरा की कीमत आसमान पर चल रही थी, लेकिन अब जाकर नए साल में इसकी कीमत में राहत का बड़ा तड़का लग गया है। लहसुन की नई फसल आने के कारण नया और पुराना लहसुन की कीमत आसमान से जमीन पर आ गई है। बीते माह तक 400 रुपए में बिकने वाला लहसुन अब चिल्हर में 200 से 220 रुपए किलो तक बिक रहा है। जीरे की कीमत भी अब वापस पुरानी कीमत के रास्ते पर आने लगी है। हालांकि जीरा की कीमत अब भी बहुत ज्यादा है। जीरा इस समय चिल्हर में 70 से 90 रुपए पाव मिल रहा है। आलू और प्याज की कीमत भी कम हो गई है।

महंगाई से आम आदमी परेशान है। लगातार महंगाई बढ़ रही है, ऐसे में अगर किसी सामान की कीमत कम होती है तो आम आदमी को राहत महसूस होती है। हालांकि आमतौर पर महंगे सामान की कीमत इतनी जल्दी कम नहीं होती है। कीमत कम होने के बाद कब इसमें मुनाफाखोरी के कारण कीमत में इजाफा कर दिया जाए, कहा नहीं जा सकता है। कारोबारी मुनाफाखोरी से बाज नहीं आते हैं।



### आलू 25 तो प्याज 35 रुपए

आलू और प्याज की कीमत में भी अब राहत मिल गई है। भले इस समय बंगाल का आलू नहीं आ रहा है, लेकिन नया आलू आने के कारण चिल्हर में इसकी कीमत 25 से 30 रुपए है। इसी तरह से प्याज की कीमत भी कम हो गई है। प्याज इस समय में चिल्हर में 35 से 40 रुपए किलो मिल रहा है। कुछ समय पहले इसकी कीमत 30 से 35 रुपए थी।

### लहसुन-जीरा की कीमत अब आधी

लहसुन की कीमत बीते साल चिल्हर में 500 रुपए तक गई थी। थोक में इसकी कीमत चार सौ रुपए के पार रही है। बीते साल दिसंबर से कीमत कम होने लगी थी, लेकिन चिल्हर में इसकी कीमत कम नहीं हो रही थी। अब नए साल में चिल्हर में भी कीमत बहुत कम हो गई है, क्योंकि लहसुन की नई फसल आने के बाद इसकी आवक भी ज्यादा हो रही है। इस समय थोक बाजार में नई लहसुन की कीमत 120 से 180 रुपए और चिल्हर में 180 से 220 रुपए में बिक रही है। पाव खरीदने पर जरूर 70 रुपए लग रहे हैं। जहां तक पुरानी लहसुन का सवाल है तो इसकी कीमत 140 से 200 रुपए किलो है। चिल्हर में यह 180 से 220 रुपए किलो में बिक रही है। पाव में लेने पर इसकी कीमत 50 से 60 रुपए है।

जीरा सालभर पहले 800 रुपए किलो तक चला गया था, लेकिन अब इसकी कीमत कम होते-होते चार सौ रुपए से भी कम हो गई है। थोक में इस समय जीरा अलग-अलग किस्म का 240 से 300 रुपए और चिल्हर में 280 से 360 रुपए में बिक रहा है। सबसे उच्च क्वालिटी वाला जीरा 90 रुपए पाव है। इससे कम क्वालिटी वाला 70 से 80 रुपए पाव में मिल रहा है।



# आज नहीं मिलेगी, इसलिए शराब दुकानों में टूट पड़ी शौकीनों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को प्रदेशभर में ड्राई डे घोषित है। इसके तहत सभी जिलों में आबकारी विभाग अंतर्गत संचालित शराब दुकानें भी बंद रहेंगी। रायपुर जिले में भी शराब की सभी दुकानें रविवार को बंद रहेंगी, जिसके कारण शनिवार को राजधानी रायपुर सहित जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों की सभी देशी-विदेशी, प्रीमियर दुकानों में पियक्कड़ों की दिनभर भीड़ लगी रही। शराब दुकानों में पियक्कड़ों की भीड़ को देखते हुए विभागीय अधिकारी प्रतिदिन औसतन बिक्री से 20 प्रतिशत अधिक बिक्री होने का अनुमान लगा रहे हैं। जिले में प्रतिदिन करीब 7 करोड़ रुपए की शराब की बिक्री होती है। इस तरह अवकाश के कारण यह बिक्री साढ़े 8 करोड़ या उससे होने की संभावना है।

### कई ब्रांड की शराब-बीयर गायब

ड्राई डे के कारण शराब दुकानों में पियक्कड़ों की भीड़ बढ़ने के कारण कई दुकानों में विभिन्न ब्रांड की शराब और बीयर का टोटा रहा। इसके कारण खरीदारों को उनकी मनपसंद शराब और बीयर नहीं मिल पाई। इसके कारण मजबूरी में लोगों को दूसरे ब्रांड की शराब और बीयर खरीदनी पड़ी।

### सुबह से रात दुकान बंद होने तक लगी रही भीड़

ड्राई डे के कारण राजधानी रायपुर की सभी शराब दुकानों में सुबह खुलने के समय से लेकर रात बंद होने तक पियक्कड़ों की भीड़ लगी रही। सबसे ज्यादा भीड़ देशी शराब दुकानों में रही। इन दुकानों में सुबह और दोपहर की तुलना में शाम से लेकर रात तक दुकान बंद होने तक भीड़ देखने को मिली। देशी की तुलना में विदेशी और प्रीमियम शराब की दुकानों में भीड़ कम रही।

# रेलवे स्टेशन पर टिकट जांच अभियान, ट्रेनों में बढ़ाई सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे का अमला अलर्ट मोड में रहा। रेल सुरक्षा बल ने रेलवे स्टेशन से लेकर ट्रेनों में सुरक्षा व गश्त बढ़ा दी है। स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर जवानों की तैनाती की गई, साथ ही विभिन्न कार्यालयों, यात्री प्रतीक्षालयों में भी सघन जांच अभियान चलाया गया। स्टेशन पर बम डिस्पोजल स्क्वाड और डॉग स्क्वाड को भी तैनात किया गया, ताकि कोई असामाजिक तत्व या संदिग्ध वस्तु प्लेटफार्म और ट्रेनों तक न पहुंच सके। बुधवार से आरपीएफ के जवानों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इस स्टेशन के मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर से हर आने जाने वाले यात्रियों का सामान चेक किया गया।

■ स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर की गई थी जवानों की तैनाती



### यात्रियों के बैग की ली तलाशी

स्टेशन पर संदिग्ध दिखने वाले यात्रियों के बैग तक की तलाशी ली गई। जवानों ने रायपुर से गुजरने वाली सभी ट्रेनों में जांच की। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक एसके दत्ता ने बताया कि जांच अभियान के लिए टीमों का गठन किया गया। यह टीमें रेलवे स्टेशन से लेकर रेलवे ट्रेक तक की निगरानी में जुटी हुई हैं। इसके अलावा यात्रियों को हिदायत दी जा रही है कि वे यात्रा के दौरान सावधान रहें, अनजान यात्रियों से खाने-पीने का सामान न लें, संदिग्ध सामान की जानकारी तुरंत रेलवे या आरपीएफ को दें।

# रेस्टारेंट पर की कार्रवाई, दूषित भोजन नाली में बहाने पर जुर्माना

■ नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया औचक निरीक्षण

**रायपुर।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले ने राजधानी के ख्वाहिश बिरयानी रेस्टारेंट और सफायर व्यावसायिक परिसर की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। गंदगी मिलने और दूषित भोजन नाली में बहाए जाने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना किया। राजधानी में जनशिकायत पर नगर निगम रायपुर के जोन 10 की स्वास्थ्य विभाग टीम ने शनिवार को जोन 10 क्षेत्र स्थित न्यू राजेंद्र नगर स्थित ख्वाहिश बिरयानी रेस्टारेंट और सफायर व्यावसायिक परिसर की दुकानों की सफाई व्यवस्था की जांच की। निरीक्षण के दूषित भोजन को नाली में बहाया जाना पाया गया। संबंधित संस्था और रेस्टारेंट संचालकों को दूषित भोजन के साथ गंदगी नाली में बहाये जाने पर चेतावनी दी गई। सफाई में कोताही बरतने पर 10 हजार रुपये जुर्माना किया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही और जोन 10 कमिश्नर राकेश शर्मा के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी अमित बेहरा की उपस्थिति में औचक निरीक्षण कर जनशिकायत का निवारण किया गया।

### कलेक्टोरेट में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण

**रायपुर।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर सुबह 8 बजे कलेक्टोरेट परिसर में ध्वजारोहण किया जाएगा। कलेक्टर डा. गौरव सिंह यहां ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर एडीएम देवेंद्र पटेल, अपर कलेक्टर निधी साहू, कीर्तिमान सिंह राठौर, संयुक्त कलेक्टर अभिलाषा पैकरा, उमाशंकर बंदे, उत्तमप्रसाद रजक सहित अन्य अधिकारियों सहित कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे।

# दिन में एक डिग्री की गिरावट, आज रात से मौसम में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शुष्क हवा के प्रभाव से दिन के अधिकतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट ने थोड़ी राहत दिलाई है। रात के मौसम में बदलाव आज से संभव है। अनुमान है कि पश्चिमी विक्षोभ आने की वजह से माह के अंतिम दिनों में बादल छा सकते हैं। उत्तरी इलाके को छोड़कर प्रदेश के अन्य हिस्सों में जनवरी के अंतिम दिनों से मौसम का मिजाज गर्म होने लगता है।

पिछले चौबीस घंटे से राज्य में शुष्क हवा का प्रवेश हो रहा है, जिसकी वजह से रात का मौसस स्थिर रहा। दिन की गर्मी पर मौसम का कई विशेष प्रभाव तो नहीं हुआ, मगर तापमान में एक डिग्री की कमी आई। अगले चौबीस घंटे में बदलाव का दौर दिन और रात दोनों समय में होने का अनुमान है। विशेषज्ञों का कहना कि रात के तापमान में थोड़ी गिरावट होगी, मगर इसकी वजह से ठंड बढ़ने की गुंजाइश कम हो चुकी है। बस्तर और रायपुर जैसे क्षेत्रों में ठंड सुबह में ही सिमटकर रह गई है। सरगुजा समेत उत्तरी इलाके में ठंड का असर शेष है, जो फरवरी के दूसरे पखवाड़े तक अपना असर दिखा सकता है। अभी रात में तो ठंड से राहत रहेगी, मगर दिन में सूरज का तेज बढ़ता जाएगा, जिसकी वजह से गर्मी महसूस होने लगेगी। रायपुर में अभी दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री से अधिक रिकार्ड किया जा रहा है।

■ माह के अंतिम दिनों में छाएंगे बादल

# पेंशनर्स महासंघ का सम्मेलन कन्याकुमारी में, छत्तीसगढ़ से 83 प्रतिभागी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का राष्ट्रीय सम्मेलन 29 और 30 जनवरी को कन्याकुमारी में आयोजित किया गया है। इसमें देशभर के पेंशनर्स प्रतिनिधि शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ से रायपुर संभाग के प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी, दुर्ग संभाग के संभागीय अध्यक्ष बीके वर्मा, बस्तर संभाग के संभागीय अध्यक्ष रामनारायण ताटी, बिलासपुर संभाग से जिला अध्यक्ष राकेश जैन, सरगुजा संभाग से जशपुर जिला संयोजक नारायण प्रसाद यादव के नेतृत्व में 83 पेंशनरों का प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा।

पेंशनरों को आयकर के दायरे से मुक्त करने, 80 वर्ष की आयु के स्थान पर 65 वर्ष की आयु में अतिरिक्त पेंशन वृद्धि के लिए राधामोहन कमेटी की अनुशंसा को को संसद में पारित कर लागू कराने सहित अन्य अहम विषयों को लेकर देशभर के पेंशनर्स विचार-विमर्श करने 29 और 30 जनवरी को राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होंगे। कन्याकुमारी में आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की जानकारी देते हुए भारतीय पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन को राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएच सुरेश केरल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वय घनश्याम शर्मा हिमांचल व द्रौपदी यादव छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय महामंत्री बीएस हाडा राजस्थान सहित प्रमुख राष्ट्रीय पदाधिकारी संबोधित करेंगे।

■ दो दिवसीय आयोजन, देशभर से पेंशनर्स जुटेंगे






# गैस एजेंसी में छापा, मिली कई गड़बड़ियां, विभाग ने कहा- जांच कर करेंगे कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के कोटा स्थित गैस सर्विस के गोदाम में शनिवार को खाद्य विभाग की टीम ने छापा मारा। सूत्रों के अनुसार इस दौरान गोदाम में ऑनलाइन और मौके पर मिले सिलेंडरों के स्टॉक में कुछ अंतर तथा एंट्री बोर्ड में नियम के तहत स्टॉक की जानकारी होना नहीं पाई गई है। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जो गड़बड़ी मिली है, उसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य विभाग की गैस एजेंसियों द्वारा की जा रही गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए टीमें बनाई हुई है। इसके तहत टीम एजेंसियों के दफ्तर से लेकर गोदामों में जांच कर रही है। इसी कड़ी में टीम ने कोटा स्थित गैस सर्विस एजेंसी के गोदाम पहुंची। इस गोदाम में सिलेंडरों का खेप आता है और यहीं से होम डिलीवरी कराने वालों के घर-घर सिलेंडर भेजने से लेकर होम डिलीवरी नहीं कराने वाले उपभोक्ता भी सिलेंडर यहीं से उठाते हैं। टीम ने औचक निरीक्षण करते हुए यहां कमर्शियल और घरेलू भरे और खाली सिलेंडरों के स्टॉक से लेकर एंट्री बोर्ड, रजिस्टर में एंट्री, कटे बिलों का मिलान भी किया।

सूत्रों के अनुसार इस जांच में कंपनी द्वारा भेजे गए सिलेंडरों और डिलीवरी किए गए सिलेंडरों में अंतर पाया गया है, साथ ही एंट्री बोर्ड में भी स्टॉक, डिलीवरी हुए सिलेंडरों की एंट्री नहीं पाई गई। इस तरह गोदाम में कई तरह की गड़बड़ियां पाई गई। इधर इस मामले में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि गड़बड़ियों की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही इस मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी।

## गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए टीम का गठन



### 2 जुलाई को गठित की गई टीमें

गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर जांच करने के लिए 2 जुलाई को कलेक्टोरेट में बैठक हुई थी। इस बैठक में सभी गैस कंपनियों के अधिकारियों के साथ गैस डीलरों को भी बुलाया गया था। बैठक में सभी कंपनियों और डीलरों को निर्देशित दिया गया था कि घरेलू और कमर्शियल उपभोक्ताओं को कार्ड के अनुसार ही सिलेंडरों की डिलीवरी कराए। बिना कार्ड के उपभोक्ता को सिलेंडर देने पर इसे अवैध माना जाएगा। इसके अलावा कंपनियों और एजेंसियों को अन्य सभी नियमों का भी पालन करने के निर्देश दिए गए थे। इस बैठक में विभागीय अधिकारियों को टीम बनाकर गैस एजेंसियों की नियमित जांच करने से लेकर छोटे-बड़े होटलों की जांच करने के भी निर्देश दिए थे। कई होटलों में 100 किलोग्राम से अधिक गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है, जबकि इसके लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है।

## खबर संक्षेप



### रमन ने कांग्रेस पर किया कटाक्ष, भूपेश बोले-आप प्रवक्ता नहीं

रायपुर। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश में नक्सल उन्मूलन के बहाने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, नक्सलियों की "मदद" करना और "वोट" के लिए उनका इस्तेमाल करना हमेशा से कांग्रेस की नीति रही है। आज जब डबल इंजन की सरकार में नक्सलवाद खात्मे की ओर जा रहा है, तब कांग्रेस के पेट में दर्द उठ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए उन्हें नसीहत दी है। उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा है कि बस याद दिलाना चाहता हूं, डॉ. साहब कि अब आप मुख्यमंत्री नहीं हैं। न पार्टी के प्रवक्ता हैं। अब आप विधानसभा अध्यक्ष हैं। अन्यथा न लें, पर आपका ये हाल आपकी पार्टी भाजपा ने ही किया है। बहरहाल, आपका दायित्व है कि अब दलगत राजनीति से उठकर सभी को संरक्षण दें। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में पिछले एक साल में 250 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया गया। वहीं कई नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया है। नक्सलियों के कैंपों तक सुरक्षा बल के जवान पहुंच कर नक्सलियों को पीछे धकेल रहे हैं।

### सिविल लाइंस में आज ध्वज फहराएंगे विधायक सोनी



रायपुर। छत्तीसगढ़ उत्कल सोशल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी के तत्वावधान में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह प्रातः 8 बजे स्क्वाड्रन लीडर सुरेश मिश्रा चौक सिविल लाइंस कटोरा तालाब रायपुर में मनाया जाएगा। संस्था के महासचिव जनकराम तांडी ने बताया कि इस अवसर पर विधायक सुनील सोनी झण्डा फहराएंगे। इस दौरान संस्था के प्रदेश अध्यक्ष हनुमंत बाग, मुकेश पंजवानी, निशा प्रधान, कुंदन प्रधान एवं सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### सीमा को पीएचडी की उपाधि



रायपुर। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने सीमा मिश्रा को कला संकाय के अंतर्गत हिंदी में 'सत्यभामा आडिल की लंबी कविताओं का साहित्यिक अनुशीलन' विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। यह शोध डॉ. कल्पना मिश्रा के निर्देशन में किया गया। शहर स्थित शोध केंद्र शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यह शोध किया गया।

### अंजली को पीएचडी



रायपुर। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने अंजली खलखो को कला संकाय के अंतर्गत हिंदी में 'मृदुला गर्ग के नारी-पात्रों पर पाश्चात्य जीवन-मूल्यों का प्रभाव (उपन्यासों के संदर्भ में)' विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ. कल्पना मिश्रा के निर्देशन में शोध केंद्र शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय से किया है।

# कंगाले ने कहा- निर्वाचन में महिला मतदाताओं की सहभागिता बढ़ना हम सबके लिए गर्व की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह गर्व की बात है कि निर्वाचन के प्रति महिला मतदाताओं में जागरूकता बढ़ी है। पूर्व में हुए लोकसभा चुनाव में जहां पहले महिलाओं की संख्या पुरुषों कि तुलना में कम थी, वहीं इस लोक सभा चुनाव में 1000 पुरुषों की तुलना में 1024 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में हुए सफल निर्वाचन में फ्रंटलाइन वर्करों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। चुनाव प्रबंधन के लिए छत्तीसगढ़ को देश मे बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का अवॉर्ड दिया गया है। इसमें हमारे प्रशासनिक अमले का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हम सभी के लिए गर्व की बात है।

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त अजय कुमार सिंह ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में कहा, हमारे देश के संविधान में निष्पक्ष चुनाव के लिए अनेक प्रावधान किए गए है। लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाताओं की निर्वाचन में जितनी अधिक संख्या में सहभागिता रहेगी उतना ही लोकतंत्र सशक्त होगा। मतदाता दिवस के आयोजन का उद्देश्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है।

### लोकतंत्र को मजबूत करने प्रत्येक मतदाता महत्वपूर्ण : रीता

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष रीता शांडिल्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मतदान एक नागरिक का अधिकार और कर्तव्य दोनों है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं और विकास की दिशा को तय करते है। इसलिए सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और देश के समग्र विकास में योगदान देना चाहिए। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक मतदाता का मत महत्वपूर्ण है।




### उप जिला निर्वाचन अधिकारी भी हुए सम्मानित

लोकसभा चुनाव में उत्कृष्ट उप जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में पुरस्कृत अधिकारियों में रायपुर उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, सरगुजा उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, सुकमा उप जिला निर्वाचन गजेंद्र सिंह ठाकुर शामिल है। उत्कृष्ट निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पुरस्कार हेतु संभागवार दुर्ग संभाग जिला राजनांदगांव से इंदिरा नवनी सिंह, रायपुर संभाग के धमतरी जिले से डॉ. विभोर अग्रवाल, बस्तर संभाग से कोण्डागांव जिले से अंकित चौहान, सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले से ललिता भगत एवं बिलासपुर संभाग अंतर्गत बिलासपुर जिले से बजरंग वर्मा को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार उत्कृष्ट 5 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को भी संभागवार सम्मानित किया गया। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के उत्कृष्ट सम्पादन हेतु निर्वाचन पर्यवेक्षक , संभागवार 5 सहायक प्रोग्रामर, 5 डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, 8 बूथ लेवल ऑफिसर को सम्मानित किया गया।

### मास्टर ट्रेनर भी हुए पुरस्कृत

उत्कृष्ट राष्ट्रीय स्तरीय मास्टर ट्रेनर पुरस्कार हेतु यूएस अग्रवाल, प्रणव सिंह, पुलक भट्टाचार्य, सुनील शर्मा, गीता दीवान, डॉ. केआरआर सिंह, उज्ज्वल पोरवाल को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार उत्कृष्ट राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के लिए अपूर्व प्रियेश टोप्पो, विनय अग्रवाल, रूपेश कुमार वर्मा, शारदा अग्रवाल, विनोद अगलावे, असीम थवाईत को पुरस्कृत किया गया।

### ये अधिकारी हुए सम्मानित

मतदाता दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नव मतदाताओं, सर्विस वोटरों और निर्वाचन कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेय गोयल को प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 में सर्वाधिक 81.66 प्रतिशत मतदान कराए जाने, दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को शहरी क्षेत्र होने के बावजूद विगत लोकसभा चुनाव की तुलना में वर्ष 2024 में लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में 2.48 प्रतिशत वृद्धि, दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होते हुए भी विगत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में लोकसभा निर्वाचन 2024 में 10.39 प्रतिशत वृद्धि के लिए उत्कृष्ट जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में सम्मानित किया गया। रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्य उत्कृष्ट तरीके से संपन्न कराने, राजनांदगांव जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह को गुणवत्ता पूर्ण स्वीप गतिविधियां आयोजित करने और मुंगेली जिले के जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडे को प्रवासी मजदूरों को मतदान के लिए प्रेरित करने संबंधी स्वीप गतिविधियों के लिए स्पेशल अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# तीन माह का वेतन नहीं जिला अस्पताल के सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ ठेका एजेंसी पर मनमानी का आरोप दुर्व्यवहार की शिकायत भी

ठेका एजेंसी के तहत जिला अस्पताल में सफाई कर्मचारियों ने तीन माह का वेतन नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। अस्पताल परिसर में प्रदर्शन के दौरान उन्हें एजेंसी के गुर्गों द्वारा दुर्व्यवहार करने की शिकायत भी की है। उनके प्रदर्शन के दौरान काफी देर तक अस्पताल की सफाई व्यवस्था प्रभावित रही।

प्रदेश के ज्यादातर अस्पतालों में सफाई व्यवस्था आउटसोर्सिंग पर निर्भर है और एक बड़ी एजेंसी के पास जिला अस्पताल से लेकर मेडिकल कालेज तक सफाई और सुरक्षा की जिम्मेदारी है। शनिवार को जिला अस्पताल कालीबाड़ी के एमसीएच में कार्यरत महिला सफाई कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया। उनका आरोप था एजेंसी द्वारा उन्हें चार माह से वेतन नहीं दिया जा रहा था। काफी कोशिश के बाद कल उन्हें केवल एक माह का भुगतान किया गया। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि तीन माह का वेतन पेंडिंग होने की वजह से उनकी माली हालत खराब होने लगी है। उल्टे इस मामले में चर्चा करने पर ठेकेदार के गुर्गे उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी देते हैं और दुर्व्यवहार करते हैं। सफाई कर्मचारी के इस विरोध प्रदर्शन का समर्थन करने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल वहां पहुंचा था। उनके द्वारा कर्मचारियों को मांगों के लिए अस्पताल की व्यवस्था को प्रभावित नहीं करने का निवेदन किया, तो वे मान गए।

# जनता ने किया नगर निगम चुनाव बहिष्कार का ऐलान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ दलदलसिवनी पीएम आवास के रहवासियों ने बैनर पोस्टर लगाकर जताया विरोध

मतदाता दिवस के दिन राजधानी में दलदल सिवनी स्थित पीएम आवास के निवासियों ने निकाय चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। लंबे समय से पानी, निकास नाली की समस्या सहित अन्य समस्याओं की अनदेखी से नाराज दलदल सिवनी पीएम आवास कालोनी के लोगों ने कालोनी के बाहर बाकायदा चुनाव बहिष्कार का बैनर लगाकर प्रदर्शन किया।

दरअसल, नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित दलदल सिवनी पीएम आवास कालोनी में रहने वाले एक अरसे से पानी सहित अन्य समस्याओं की अनदेखी से नाराज हैं। लोगों का कहना है कि उनके यहां पीने के पानी की समस्या विकट है। इसके लिए उन्होंने जोन 9 कमिश्नरी, निगम मुख्यालय और कलेक्टोरेट में भी विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्या दूर करने की मांग की, लेकिन पेयजल की व्यवस्था अब तक सुधर नहीं पाई। हालत ये है कि कालोनी में रहने वाले बुजुर्ग, बीमार और गर्भवती महिलाओं को तीन-तीन मंजिल पानी लेकर चढ़ना पड़ता है। इससे उन्हें काफी परेशानी होती है। धरना प्रदर्शन करने के बाद कुछ दिनों तक नगर निगम की ओर से अस्थायी रूप से टैंकर की व्यवस्था की जाती है, पर बाद में टैंकर बंद करने से पानी की किल्लत शुरू हो जाती है।

इसी तरह स्ट्रीट लाइट की समस्या बनी हुई है, जिससे अंधेरे में लूटपाट का अंदेशा बना रहता है। भुक्तभोगी लोगों का कहना है कि पीएम आवासीय परिसर की जब तक व्यवस्था नहीं सुधरती, निकाय चुनाव में वोट नहीं देंगे।

### देशभक्ति गीतों से सजेगी गीत-संगीत की महफिल

रायपुर। हेमंत कुमार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मायाराम सुरजन हॉल में देशभक्ति एवं फिल्मी गीतों का आयोजन किया गया है। इस प्रोग्राम में शहर के जाने माने गायक, गायिका, संगीतप्रेमी नागरिक शामिल रहेंगे।

कार्यक्रम में रायपुर व छत्तीसगढ़ के जाने-माने गायक, गायिका किट्टू सिन्हा, पल्लवी राव, भूमि सागर, तृप्ति श्रीवास्तव, अंजू त्रिपाठी, नीलिमा सारथी, हेमंत कुमार, मोहनलाल अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का संचालन शहर के जाने-माने एंकर व समाजसेवी लक्ष्मीनारायण लाहोटी व श्रेया श्रीवास्तव द्वारा किया जाएगा। आयोजक और डायरेक्टर हेमंत कुमार ने अधिकाधिक संख्या में लोगों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।






हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 26 जनवरी 2025

गणतंत्र दिवस

HAPPY REPUBLIC DAY

## हरिभूमि
परिवार की ओर से समस्त प्रदेश वासियों को
# गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं ...

26 जनवरी

Symbol of Trust
at
Since 1957
AT PALACE
KOTWALI CHOWK

at BUILDCON PRIVATE LIMITED

अनोपचंद तिलोकचंद
ज्वेलर्स प्रा.लि.

at Since 1957
Classic
Beyond All Expectations !

हम गढ़ते है विश्वास
SUMEET JEWELLERS
RAIPUR | DURG | RAJIM
RAJNANDGAON

Shri Ganesha
SINCE 1974
WE MAKE YOUR LIFE COLOURFUL

AISHWARYA GROUP
Ph.: +91-7771976666, +91-0771-2444500

सुमीत बाजार
क्वालिटी अनमोल
बजट पे कंट्रोल

ANANTRA MART
A UNIT OF TIWARI BUILDCON & MAJISHA TRADERS
Mo: 62644 95185

CLASSIC GROUP
LIFESTYLE MATTERS

ASHOKA PALM MEADOWS

JAIKA AUTOMOBILES
&
FINANCE PVT. LTD.

EICHER
NAYI SOCH NAYE RAASTE
GK Automotive Pvt Ltd

SPARSH
• Dhamtari Road, Pachpedi Naka, Raipur, Mob.: 9669800435, 9926442228
• Near Vishal Mega Mart, Pandri, Raipur, Mob.: 9131345797, 9993544080
• Bhanpuri Chowk, Bilaspur Road, Raipur, Mob.: 9131345797, 7489121661
Think Maruti Think Sparsh

TATA MOTORS
भसीन मोटर्स
• मैग्नेटो मॉल के पास, छोकरानाला, कृषक नगर, रायपुर (छ.ग.)
• वालफोर्ट सिटी के सामने, भाटागांव, रिंग रोड नं. 1, रायपुर (छ.ग.)
Mo.: 7506018726
www.bhasinmotors.com sales@bhasinmotors.com

SHIVNATH HYUNDAI

HONDA
G.K. Honda
80582 54444

TATA MOTORS
OM AUTOWHEELS
93110 60060

JCB
GK JCB
Raipur - 73036 25888
Nagpur - 70655 50066

GK Electric
92053 23757

HONDA
GK CARS & BIKES
97534 89090

Ford
Go Further
G.K. Ford
96171 05000

COZY CRIBS
GK COZY CRIBS
62629 88899

GK INSURANCE
BROKERS PVT LTD
98998 22799

समस्त प्रदेशवासियों को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




# महेन्द्रा स्पंज एवं पावर लिमिटेड यूनिट- 2
## सरोरा (तिल्दा)

---

समस्त देशवासियों को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...



कुछ तो खास है इस मिट्टी में,
एक अलग ही एहसास है इस मिट्टी में,
यूं ही हंसते हुए मौत के मुंह में नहीं जाते,
देशभक्ति की प्यास है इस मिट्टी में।

# हाईटेक पॉवर एण्ड स्टील लिमिटेड
## परसदा (तिल्दा)



---

समस्त प्रदेशवासियों को 26 जनवरी
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

# ओम हॉस्पिटल
आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता

**श्री विनोद अग्रवाल**
(Managing Director)

**डॉ. कमलेश अग्रवाल**
(Director)
एम.बी.बी.एस., एम.एस, एम.सी.एच.
बर्न, प्लास्टिक, कॉस्मेटिक और
रिकन्स्ट्रक्टिव सर्जन

**डॉ. विजय अग्रवाल**
(Director)
एम. डी. एस. मैक्सिलोफेशियल
और ओरल कैंसर सर्जन




**सुविधाएं:-** हमारे यहां ईलाज हेतु सभी शासकीय योजनाओं की सुविधा उपलब्ध है।

- बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक यूनिट
- मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
- ट्रामा, एक्सीडेंट, आपातकालीन विभाग
- गहन चिकित्सा विभाग
- कैंसर रोग
- बच्चे दानी का कैंसर
- नाक, कान एवं गला रोग
- मेडिसिन विभाग
- शिशु रोग
- चर्मरोग विभाग
- हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण
- मस्तिष्क रोग
- हेयर ट्रांसप्लांट यूनिट
- डायलिसिस यूनिट
- नशामुक्ति एवं मानसिक रोग इलाज
- पेट सम्बन्धित रोगों का इलाज
- गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी, नेफ्रोलॉजी विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- श्वास एवं छाती रोग
- जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- टेढ़े-मेढ़े दांतों व दंत रोग
- नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी
- एडवांस पैथोलॉजी यूनिट
- सोनोग्राफी, ईको, ई. सी. जी.
- मल्टीस्लाइस सी. टी. स्कैन
- फुली मॉडुलर ऑपरेशन थिएटर

**पता: ओम हॉस्पिटल, खरोरा रोड, बहेसर, तिल्दा-नेवरा, (छ.ग.)**
**फ़ोन नंबर: 70003-74946, 93027-34809**

हमारे अन्य ब्रांच

| ओम हॉस्पिटल | ओम हॉस्पिटल | ओम हॉस्पिटल |
|---|---|---|
| एच. पी. पेट्रोल पम्प के पास महादेवघाट, रायपुर (छ.ग.) | हटा ग्राउंड के सामने, जगदलपुर (बस्तर) | स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, नेशनल हाइवे, सरायपाली (छ.ग.) |
| संपर्क- 83700-08551 | संपर्क- 8435908123 | Ph-07725-299360, Mob-83700-08558 |

---

समस्त प्रदेशवासियों को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

# ज्योति हॉस्पिटल
## एवं प्रसुति गृह

24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध एवं आपात कालीन सुविधा उपलब्ध

**डॉ. ज्योति वाधवा**
(प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ)

ज्योति डेंटल क्लीनिक
(दांत का दवाखाना)
**डॉ. ज्योति सुखवानी**
(बी डी एस, दांत रोग विशेषज्ञ)

**डॉ. भारती गिंडलानी** (एम.बी.बी.एस., एम.डी.)

**आकस्मिक चिकित्सा**
चिकित्सा के क्षेत्र में एक विशेषज्ञता है जिसमें चिकित्सक को गम्भीर बीमारी या चोट वाले रोगियों की चिकित्सा की व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है।
ICU आपातकालीन सुविधा उपलब्ध है।

**सेतपाल नगर, तिल्दा-नेवरा**
**मो.-7694907897, 07489512346**

नोट- असुविधा से बचने के लिए फोन से अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें।

---

संकलनकर्ता : रमेश अग्रवाल मो. 9329217200, दिलीप वर्मा मो. 9424211900, 8120003500 संवाददाता हरिभूमि तिल्दा नेवरा

हरिभूमि रायपुर भूमि




# पेंट प्लांट में ब्लास्ट, दो किलोमीटर दूर तक नजर आया धुंए का गुबार, रायपुर से भेजी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/ तिल्दा नेवरा

तिल्दा के बरतोरी स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित पेंट केमिकल प्लांट में शनिवार को आग लगने से हड़कंप मच गया। राहत की बात यह रही कि तब फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर नहीं पहुंचे थे। आग की चपेट में आने से एक मजदूर के दोनों पैर तथा चेहरा जल गया है।

### आग से निपटने फैक्ट्री संचालक अलर्ट हुए

पेंट केमिकल प्लांट में आग लगने की घटना की जानकारी मिलने के बाद संजय केमिकल फैक्ट्री से सटे अन्य उद्योगों के संचालक अलर्ट मोड पर आ गए। उन्हें डर था की आग की लपटें उनकी फैक्ट्री तक आ सकता है।

### देर शाम तक जारी रहा कूलिंग करने का काम

फैक्ट्री में लगी आग को फायर ब्रिगेड की टीम दोपहर 12 बजे तक काबू पा लिया। आग पर काबू पाने के बाद फैक्ट्री के अंदर रखे केमिकल को दमकल कर्मियों ने बाहर निकाला। इसके बाद फैक्ट्री में दोबारा आगजनी की घटना न हो, इसके लिए फैक्ट्री के अंदर पानी का छिड़काव करते रहे। बावजूद इसके फैक्ट्री के अंदर रह-रहकर धुंआ उठते दिखाई देने पर फायर ब्रिगेड की टीम को देर शाम तक फैक्ट्री में कूलिंग करने का काम जारी रखना पड़ा। आग से कितना का नुकसान हुआ है। इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है। फैक्ट्री प्रबंधन फैक्ट्री के अंदर रखे माल की ऑडिट करने के बाद नुकसान की जानकारी बता पाने की बात कह रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में चोरी दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** डीडीनगर, गणेश गार्डन स्थित सूने मकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। शातिरों के कब्जे से पुलिस ने दो लाख 30 हजार रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी जब्त की है। चोरी के आरोप में पुलिस ने वीर अभिमन्यु देवदास उर्फ मन्ना तथा तिलक सागर को गिरफ्तार किया है। शातिरों ने कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले आशीष ठाकुर के सूने मकान में चार दिसंबर 2024 को चोरी की थी।



### मारपीट के आरोप में बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक थाने की पुलिस ने युवक को चाकू मारने के आरोप में क्षेत्र के एक गुंडे शेख जाफर उर्फ झोलटू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। बदमाश ने अपने साथी युवक को उससे जेल में मिलने नहीं आने से नाराज होकर विवाद करते हुए चाकू से वार कर घायल कर दिया।

### रायपुर निगम को लेकर भाजपा का देर रात तक मंथन

# भाजपा ने उतारे उम्मीदवार, माना पंचायत से संजय को मिला टिकट, कांग्रेस में अभी मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने प्रत्याशियों का ऐलान करना प्रारंभ कर दिया है। प्रदेशभर में नगर पालिका और निगमों के लिए पार्षद और अध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान किया है। पहले चरण में नगरपालिकाओं के साथ नगर पंचायतों के अध्यक्ष और पार्षदों की सूची जारी की है। वहीं कांग्रेस में अभी मंथन का दौर जारी है। संभावना है कि कल से कांग्रेस भी उम्मीदवारों का ऐलान करना प्रारंभ करेगी। नगरीय निकायों के चुनाव 11 फरवरी को होंगे। 15 फरवरी को मतगणना होगी। नगरीय निकायों के लिए नामांकन चल रहा है। अब नामांकन भरने के लिए महज सोमवार और मंगलवार का ही दिन बचा है। 28 जनवरी को नामांकन का अंतिम दिन है भाजपा शहर जिला ने माना नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए संजय यादव को एक बार फिर से अपना प्रत्याशी बनाया है।

### कांग्रेस आज कर सकती है उम्मीदवारों की घोषणा





### प्रदेश के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा

गरियाबंद जिले में गरियाबंद नगरपालिका में अध्यक्ष पद के लिए प्रशांत मानिकपुरी, राजिम नगर पंचायत में महेश यादव, छुरा में लुकेश्वरी निषाद, देवभोग में अनीता विकास उपाध्याय को प्रत्याशी बनाया गया है। बिलासपुर जिले की नगर पंचायतों के अध्यक्षों में बिल्हा में वंदना जेंड्रे, कोटा में सरोज दुर्गेश साहू, मल्हार में धनेश्वरी कैवर्त, रायगढ़ की नगर पंचायतों में धरमजगढ़ में अनिल सरकार, घरघोड़ा में सुनील सिंह ठाकुर, किरोड़ीमल नगर पंचायत में सुनीता मोहन विश्वकर्मा, लैलूंगा में कपिल सिंघानिया, सरगुजा के राजपुर में धरम सिंह, कुसमी में रोशन एक्का, वाड्रफनगर में मानसिंह को टिकट दिया गया है। महासमुंद जिले के तुमगांव में धर्मेंद्र यादव, बसना में खुशबू अग्रवाल और पिथौरा नगर पंचायत में देव सिंह निषाद को अध्यक्ष प्रत्याशी बनाया गया है।

### प्रत्याशियों की सूची पर मंथन

राजीव भवन में शाम को नगरीय निकाय के प्रत्याशियों की सूची पर मंथन करने प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक हुई। नगर पंचायत, नगर निगम और नगर पालिका में अध्यक्ष, महापौर और पार्षदों की सूची लेकर नामों पर मंथन किया गया। जिला और ब्लॉक कमेटी के पर्यवेक्षकों द्वारा भेजे गए नामों में से एक नाम तय करने का प्रयास किया जा रहा है। चुनाव समिति की बैठक में इन नामों की सहमति लेकर सूची रविवार को जारी किए जाने की संभावना है।

### नामांकन के लिए दो दिन शेष

पार्टी सूत्रों के अनुसार 22 जनवरी से शुरू हुए नामांकन का दौर 28 तक चलेगा। अब 27-28 जनवरी तक नामांकन होगा। भाजपा ने नगरीय निकायों में चुनाव छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशियों का नाम फाइनल कर सूची जारी कर दी है। वहीं कांग्रेस ने अभी तक अपनी सूची जारी नहीं की है। कांग्रेस प्रत्याशी तय करने के लिए लगातार बैठक कर रही है। शनिवार को भी देर शाम पीसीसी अध्यक्ष ने बैठक लेकर सूची पर विचार किया।

# पूर्व विधायक चंद्रदेव आरपी, विनोद सहित चार को मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ कांग्रेस नेता आरपी सिंह, विनोद तिवारी, चंद्रदेव राय, पीयूष साहू की नहीं होगी गिरफ्तारी

कोल घोटाला मामले में ईडी की विशेष अदालत ने आरोपी बनाए गए पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, कांग्रेस नेता आरपी सिंह, विनोद तिवारी तथा निलंबित आईएएस रानू साहू के भाई पीयूष कुमार साहू को बड़ी राहत दी है। कोल घोटाला मामले में इन चारों को अब ईडी गिरफ्तार नहीं करेगी। चारों ने कोर्ट में धारा 88 के तहत आवेदन पेश किया था। पेश किए गए आवेदन में कोर्ट ने चारो से 10-10 हजार रुपए का बांड दाखिल कराया है। साथ ही चारों को कोर्ट ने कोल घोटाला मामले की सभी सुनवाई में उपस्थित रहने निर्देश दिए हैं। कस्टम मिलिंग घोटाले तथा कोल घोटाले मामले की सुनवाई 14 तथा 28 फरवरी को होगी। दोनों ही घोटालों में जेल भेजे गए सभी आरोपियों को ईडी की विशेष अदालत में शनिवार को पेश किया गया।









समस्त प्रदेशवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

KISNA
DIAMOND & GOLD JEWELLERY



#: 40500N & E



प्रत्येक 10000/- की खरीदी पर पाये कूपन और हर सप्ताह जीते 42 इंचं कलर टीवी

प्रोपराईटर - प्रदीप अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल

अधिकृत रिटेलर
PR JEWELLERS
प्रहलादराय रेखराज ज्वेलर्स
SINCE 1940
Station Chowk, Tilda-Neora, Chhattisgarh-493114.
Contact
9300718666 / 9300618666

समस्त प्रदेशवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड
ग्राम-सरोरा

चलो फिर से वो नजारा याद कर लें
शहीदों के दिल में थी जो ज्वाला वो याद कर लें,
जिसमें बहकर आजादी पहुंची थी किनारे पर
बलिदानियों के खून की वो धारा याद कर लें!

वंदे मातरम



समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

जिसका ताज हिमालय है, जहां बहती गंगा है,
जहां अनेकता में एकता है, सत्यमेव जयते जहां का नारा है,
जहां मजहब भाईचारा है, वो भारत वतन हमारा है।

खुशी हॉस्पिटल

24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध एवं
आपात कालीन सुविधा उपलब्ध

डॉ. भोजराज मोहनानी
(एम.बी.बी.एस., एम.एस.)
पेट रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन

डॉ. श्रीमती मुक्ता मोहनानी
(महिला रोग विशेषज्ञ)

पता- भैरवगढ़ धाम मार्ग, नेवरा
विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधा उपलब्ध



समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

दीपक मेघानी
युवा समाजसेवी तिल्दा नेवरा


रमेश (रिंकू) अग्रवाल

समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


दिलीप वर्मा (पत्रकार)

हरिभूमि | inh 24x7 समाचार विज्ञापन के लिए संपर्क करें
रमेश (रिंकू) अग्रवाल, सम्पर्क नं.- 9329217200
दिलीप वर्मा (पत्रकार), सम्पर्क नं.- 9424211900
पता- तिल्दा - नेवरा (छत्तीसगढ़)

संकलनकर्ता : रमेश अग्रवाल मो. 9329217200, दिलीप वर्मा मो. 9424211900, 8120003500 संवाददाता हरिभूमि तिल्दा नेवरा
















संकलनकर्ता : रमेश अग्रवाल मो. 9329217200, दिलीप वर्मा मो. 9424211900, 8120003500 संवाददाता हरिभूमि तिल्दा नेवरा










प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 916577445

प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 916577445













प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 916577445








प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 916577445













प्रस्तुति : शुभम पाण्डेय, अभनपुर, मो. 9770544442




















संकलनकर्ता : रमेश अग्रवाल मो. 9329217200, दिलीप वर्मा मो. 9424211900, 8120003500 संवाददाता हरिभूमि तिल्दा नेवरा





## खबर संक्षेप

### राजीव भवन में ध्वजारोहण आज करेंगे डॉ. डहरिया



आरंग। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग द्वारा 26 जनवरी को 76वें गणतंत्रता दिवस के अवसर पर राजीव भवन आरंग में सुबह 8:30 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष कोमल सिंह साहू ने बताया कि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होने कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, शहर कांग्रेस कमेटी, एनएसयूआईं, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, जोन व सेक्टर कार्यकर्ता, कांग्रेस समर्थित पंचायत एवं नगरी निकाय के प्रतिनिधिगणों को कार्यक्रम में उपस्थित होने का आह्वान किया।

### देश का कृषि बजट पर्याप्त राशि सहित अलग पेश हो: पारसनाथ



आरंग। भारत को कृषि प्रधान देश कहा जाता है क्योंकि यहां कृषकों व कृषि भूमि की अधिकता है, परंतु यह भी है कि सबके लिए अनाज पैदा करने वाले किसान आज भी आत्मनिर्भर नहीं बन पाए। पूरे भारत के किसानों को उनके फसलों का लाभकारी मूल्य नहीं मिल पाता, चुनाव के समय सी 250 के आधार पर समर्थन मूल्य देने की बात कहने वाले नेता सत्ता पाने के बाद मौत जरूर दे देते हैं पर वादा नहीं पूरा करते। किसान नेता पारस नाथ साहू ने केन्द्र सरकार से रेल बजट की भांति कृषि बजट को अलग से पेश कर किसानों और देश को समृद्धशाली बनाने के लिए कुल बजट का आधा राशि कृषि बजट को दिए जाने की मांग की।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

आरंग। नवसृजन पब्लिक स्कूल भानसोज में वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन संस्कार 2025 का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि रामाधीन साहू, अध्यक्षता दुर्गेश निर्मलकर और विशिष्ट अतिथियों के द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत गणेश वंदना, सरस्वती वंदना और स्वागत डांस से की गई। इसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई।

### एक माह पहले 400 रुपए किलो था लहसुन, अब चिल्हर में 200 से 220 रुपए

# लहसुन-जीरा की कीमत में राहत का तड़का, आलू-प्याज भी सस्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लंबे समय से लहसुन और जीरा की कीमत आसमान पर चल रही थी, लेकिन अब जाकर नए साल में इसकी कीमत में राहत का बड़ा तड़का लग गया है। लहसुन की नई फसल आने के कारण नया और पुराना लहसुन की कीमत आसमान से जमीन पर आ गई है। बीते माह तक 400 रुपए में बिकने वाला लहसुन अब चिल्हर में 200 से 220 रुपए किलो तक बिक रहा है। जीरे की कीमत भी अब वापस पुरानी कीमत के रास्ते पर आने लगी है। हालांकि जीरा की कीमत अब भी बहुत ज्यादा है। जीरा इस समय चिल्हर में 70 से 90 रुपए पाव मिल रहा है। आलू और प्याज की कीमत भी कम हो गई है।

महंगाई से आम आदमी परेशान है। लगातार महंगाई बढ़ रही है, ऐसे में अगर किसी सामान की कीमत कम होती है तो आम आदमी को राहत महसूस होती है।



### आलू 25 तो प्याज 35 रुपए

आलू और प्याज की कीमत में भी अब राहत मिल गई है। भले इस समय बंगाल का आलू नहीं आ रहा है, लेकिन नया आलू आने के कारण चिल्हर में इसकी कीमत 25 से 30 रुपए है।

### लहसुन-जीरा की कीमत अब आधी

लहसुन की कीमत बीते साल चिल्हर में 500 रुपए तक गई थी। थोक में इसकी कीमत चार सौ रुपए के पार रही है। बीते साल दिसंबर से कीमत कम होने लगी थी, लेकिन चिल्हर में इसकी कीमत कम नहीं हो रही थी। अब नए साल में चिल्हर में भी कीमत बहुत कम हो गई है, क्योंकि लहसुन की नई फसल आने के बाद इसकी आवक भी ज्यादा हो रही है। इस समय थोक बाजार में नई लहसुन की कीमत 120 से 180 रुपए और चिल्हर में 180 से 220 रुपए में बिक रही है। पाव खरीदने पर जरूर 70 रुपए लग रहे हैं। जहां तक पुरानी लहसुन का सवाल है तो इसकी कीमत 140 से 200 रुपए किलो है। चिल्हर में यह 180 से 220 रुपए किलो में बिक रही है। पाव में लेने पर इसकी कीमत 50 से 60 रुपए है।

जीरा सालभर पहले 800 रुपए किलो तक चला गया था, लेकिन अब इसकी कीमत कम होते-होते चार सौ रुपए से भी कम हो गई है। थोक में इस समय जीरा अलग-अलग किस्म का 240 से 300 रुपए और चिल्हर में 280 से 360 रुपए में बिक रहा है। सबसे उच्च क्वालिटी वाला जीरा 90 रुपए पाव है। इससे कम क्वालिटी वाला 70 से 80 रुपए पाव में मिल रहा है।

## संस्कृति प्रदर्शनी में स्कूल के 500 से अधिक बच्चों ने लिया भाग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

▪ गांधी स्कूल ने किया संयुक्त परिवार दिवस का आयोजन

गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंग में धरोहर 2025 में आयोजित कल आज और कल के अंतर्गत संयुक्त परिवार दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के संस्थापक पंडित दीनानाथ कृष्णा देवी चतुर्वेदी की स्मृति में दस संयुक्त परिवारों का सम्मान किया गया। विद्यालय द्वारा संयुक्त परिवार में रहने वाले सदस्यों को विशेष सम्मान वट वृक्ष, पीपल, तुलसी एवं एक आंगन-एक देहरी सम्मान में मोमेंटो एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के ग्रैंड पैरेंट्स ने कल आज और कल थीम के अंतर्गत विभिन्न मनोरंजक एवं आनंददायक गतिविधियों में उत्साह से भाग लिया और बचपन की स्मृतियों को साझा किया। इसी क्रम में अभिव्यक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान, कला एवं संस्कृति प्रदर्शनी में विद्यालय के 500 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला, भारतीय संस्कृति से संबंधित अनेक वर्किंग माडल के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। ग्रह नक्षत्र, राशियों, पौराणिक इमारतों, आधुनिक कृषि, सुरक्षा, ग्रामीण संस्कृति से संबंधित मॉडल ने सबको आकर्षित किया। विद्यालय के द्वारा कक्षावार प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पं. दीनानाथ कृष्णादेवी चतुर्वेदी मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस प्रदर्शनी में चयनित बेस्ट माडल को भी पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर खुशी नेताम को फाइनल आर्ट एक्रेलिक पेंटिंग के क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए विशेष सम्मान दिया गया।

## राष्ट्रीय सतनामी परिचय सम्मेलन की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

▪ जीवन साथी की तलाश में देश भर से पहुंचेंगे सतनामी युवा

गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के तत्वधान में राजधानी के शहीद स्मारक भवन में 02 फरवरी को सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का राष्ट्र स्तरीय विशाल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारी जोरों पर है। आयोजन समिति अध्यक्ष केपी खण्डे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि इस बार 9 वें वर्ष का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा देश के विभिन्न प्रांतों में निवासरत सतनामी समाज के नवयुगल प्रतिभागी अपने अभिभावकों के साथ मनपसंद जीवन साथी की तलाश में राजधानी पहुंचेंगे। कार्यक्रम में समाज के विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त महिला-पुरुषों को भी स्थान दिया जा रहा है। कार्यक्रम का प्रसारण बड़े एलईडी स्क्रीन के साथ फेसबुक लिंक के माध्यम से पूरे देश भर में लाईव प्रसारित किया जाएगा। इस पूरे आयोजन के लिए समिति के पदाधिकारी व्यापक प्रसार-प्रसार करते हुए तैयारी में जुटे हुए है। अभी अग्रिम पंजीयन का दौर लगातार जारी है जिसके लिए प्रतिभागी अपनी दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो के साथ न्यू राजेंद्रनगर स्थित गुरु घासीदास अकादमी भवन में प्रतिदिन 11 से 05 बजे के बीच अपना पंजीयन करवा सकते हैं। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी या उनके परिजनों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## शिव-पार्वती विवाह में जमकर थिरके श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम रानीसागर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा में शनिवार को कथा व्यास कमल कृष्ण प्रिया ने शिव–पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथा व्यास ने शिव विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुईं और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया। इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुईं। बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उसकी शादी की चिंता सताने लगी। कथा व्यास ने आगे कहा कि माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। उन्होंने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत–पिशाचों के साथ बरात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए, लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार किया। विवाह प्रसंग के दौरान शिव–पार्वती विवाह की झांकी आकर्षक का केंद्र रही। भागवत कथा के दौरान धार्मिक भजन गाए गए। जिन पर श्रद्धालु जमकर थिरके।

## असामाजिक गतिविधियों पर लगाम कसने ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

पंचायती चुनाव के दौरान अधिकतर प्रत्याशियों के अपरोक्ष बढ़ावा के चलते असामाजिक गतिविधियों में बढ़ोतरी के पूर्व अनुभवों के मद्देनजर माहौल खराब होने से बचाने व शांति व्यवस्था कायम रखने अवैध शराब, गांजा व नशीली गोलियां बिक्री सहित होने वाले जुआ जैसे असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने व लिप्त तत्वों के खिलाफ प्रभावी पुख्ता कार्यवाही की मांग को लेकर किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह को ज्ञापन सौंप मंदिर हसौद व आरंग थाना क्षेत्र सहित जिला के अन्य थाना क्षेत्रें में परिणाम मूलक कार्यवाही का आग्रह किया है। ज्ञातव्य हो कि पंचायती चुनाव के दौरान असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि देखने को मिलता है। कई प्रत्याशी इनमें लिप्त तत्वों को वोट खराब होने की आशंका में अनदेखा कर अपरोक्ष बढ़ावा देते हैं तो कई प्रत्याशी इनके सहारे चुनाव जीतने की मिथक पाले इनमें अपरोक्ष रूप से स्वयं शामिल हो लिप्त तत्वों को भी प्रोत्साहित करते हैं और ऐसे तत्वों के पकड़े जाने पर अपने राजनैतिक आकाओं के माध्यम से इन्हें छुड़वाने का प्रयास भी करते हैं। इसके चलते माहौल काफी दूषित बना रहता है और शांति व्यवस्था गड़बड़ाने के साथ-साथ कानून व्यवस्था की स्थिति भी बिगड़ने की भी आशंका बनी रहती है। ग्रामीण अंचल में ग्रामों से पुलिस थाना के दूर होने की वजह से किसी अनहोनी की आशंका भी बनी रहती है। पूर्ववर्ती चुनावों के दौरान की जमीनी हकीकत के मद्देनजर ऐहतियाती कदम उठाने की मांग करते हुये श्री सिंह से प्रत्यक्ष मुलाकात न हो पाने की वजह से उनके कार्यालय में प्रदत्त ज्ञापन में जानकारी दी गयी है कि पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक किये जा रहे कार्यवाही से पुख्ता परिणाम परिलक्षित नहीं हो रहा है। उन्होंने इन असामाजिक गतिविधियों को प्रश्रय दे चुनाव जीतने का मिथक पाले प्रत्याशियों को भी इससे भ्रमित न होने का आग्रह करते हुये कहा है कि बीते पंचायत चुनाव में बिना शराब बांटे चुनाव लड़ जीत कर दिखाने की सार्वजनिक घोषणा कर आरंग जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 से चुनाव लड़ क्षेत्रीय मतदाता न रहने के बाद भी विजयश्री हासिल कर इस मिथक को तोड़ दिया था, तो आसन्न चुनाव में भी इसी क्षेत्र से जनपद सदस्य का चुनाव लड़ने के इच्छुक एक प्रत्याशी ने भी हार-जीत का परवाह किये बिना ऐसे ही घोषणा की है। वहीं भानसोज पंचायत से सरपंच पद हेतु चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे एक प्रत्याशी भी घर-घर जा ऐसे ही घोषणा कर ग्रामीणों के सहयोग से अवैध शराब ब्रिक्री बंद कराने का वादा कर जनसमर्थन जुटाने की जुगत में है।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र बैकुंठ में 36 वां सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसके अंतर्गत लगातार 7 दिनों तक विभिन्न अलग-अलग तरह के कार्यक्रम जैसे पोस्टर प्रतिस्पर्धा, स्वास्थ्य जांच, क्रिकेट, प्रश्नोत्तरी, नुक्कड़ नाटक जैसे आयोजन किए जाएंगे। 24 जनवरी को कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप में संयंत्र के एचआर संचालन प्रमुख देवासीष चौधरी साथ ही लाजिस्टिक्स प्रमुख सोमदत्त कठवार, सेठिया ट्रांसपोर्ट प्रमुख एमके सेठिया, सुरक्षा प्रमुख आलोक पाठक, सैन्य सुरक्षा प्रमुख सुशांत मोहापात्रा एवं लाजिस्टिक्स आफिसर दयाराम यदु, नुपेश वर्मा, धनंजय दुबे, जेबी संकट मोचन सहित 61 वाहन चालक उपस्थित रहे। साथ ही शनिवार को स्वास्थ्य जांच परीक्षण भी किया गया।

### जनजातीय और लोककला का लोकरंग आज से

रायपुर। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनजातीय और लोककलाओं के 40वें राष्ट्रीय समारोह 'लोकरंग' का शुभारंभ रवींद्र भवन परिसर में 26 जनवरी को शाम 6 बजे होगा। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस समारोह में पारंपरिक बहुवर्णी नृत्य, गायन-वादन, शिल्प और व्यंजन मेला पर केंद्रित होगा।

## भाजपा की सूची जारी, चंद्रकला वर्मा अध्यक्ष पद की दावेदार

तिल्दा-नेवरा। भाजपा ने तिल्दा नेवरा नगर पालिका के लिए अध्यक्ष सहित पार्षदों के नाम फाइनल कर लिए है, हालांकि अभी अधिकृत सूची जारी नहीं की गई है लेकिन हमारे विश्वस्त सूत्रों के पास जो सूची आई है उसे ही फाइनल सूची मानी जा रही है। और यही सूची अधिकृत रहेगी। जारी सूची के अनुसार भाजपा ने नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती चंद्रकला वर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित करेगी, हालांकि सूत्रों ने बताया कि पैनल में सुरेश वर्मा का भी नाम शामिल है लेकिन चंद्रकला ही अधिकृत प्रत्याशी घोषित हो सकती है। साथ ही पार्षद पद के लिए घोषित प्रत्याशियों में वार्ड 1 से ईश्वर यदु, 2 से विनोद नेताम, 3 से रवि सेन, 4 से धर्मेंद्र डहरिया, 5 से दिनेश पंजवानी, वार्ड 6 से ज्योति नागवानी, वार्ड 7 से सतीश निषाद, 8 से नीरा साहू, 9 से राजकुमार गेंदें, वार्ड 10 से श्रीमती कृष्ण शर्मा, वार्ड 11 से पूर्णिमा शर्मा, 12 से पारुल नामदेव, 13 से पलक सुखवानी, 14 से लूकराम बघेल, 15 से विकास कोटवानी, 16 से आकांक्षा वैष्णव, 17 से महेश वर्मा, 18 से मंजू तिवारी, 19 से नारायण वर्मा, 20 से बल्ला निषाद, 21 से रानी सौरभ जैन एवं वार्ड 22 से ग्वाला बाई कोसले को भाजपा से टिकट दिया जा रहा है।




## व्यापारी संघ की बैठक में कार्यकारिणी घोषित



आरंग। कुमारेश्वर नाथ महादेव मंदिर आरंग मे व्यापारी संघ की बैठक संपन्न हुई। जिसमें संघ के अध्यक्ष सूरज शर्मा व सचिव दिलीप चंद्राकर सहित व्यापारीगणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेकर नए कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें संरक्षक आनंद द्वारकानी, विनोद गुप्ता, रामधन चंद्राकर, दीपक सोनी, उपाध्यक्ष यशवंत गोयल, पंकज शुक्ला, कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता, सहसचिव रमेश आहूजा, बिठ्ठल साहू, संगठन मंत्री सईदरजा चौहान, पप्पू देवांगन, मीडिया प्रभारी शरद गुप्ता, रितेश कश्यप, विधिक सलाहकार के रूप मे मयंकमणी गोयल को शामिल किया गया है। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य मे संतोष चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, रूपेश अग्रवाल, लगनू खान, जाकिर खान, प्रवीण सेन, रविकांत साहू, गेंदलाल साहू, शैलेन्द्र चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, राहुल नेभवाणी, बांकेबिहारी अग्रवाल, सुदीप गुप्ता, शेखर सोनकर, अब्दुल कादिर बनाए गए।



## खबर संक्षेप



### रमन ने कांग्रेस पर किया कटाक्ष, भूपेश बोले-आप प्रवक्ता नहीं

रायपुर। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश में नक्सल उन्मूलन के बहाने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, नक्सलियों की "मदद" करना और "वोट" के लिए उनका इस्तेमाल करना हमेशा से कांग्रेस की नीति रही है। आज जब डबल इंजन की सरकार में नक्सलवाद खात्मे की ओर जा रहा है, तब कांग्रेस के पेट में दर्द उठ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए उन्हें नसीहत दी है। उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा है कि बस याद दिलाना चाहता हूं, डॉ. साहब कि अब आप मुख्यमंत्री नहीं हैं। न पार्टी के प्रवक्ता हैं। अब आप विधानसभा अध्यक्ष हैं। अन्यथा न लें, पर आपका ये हाल आपकी पार्टी भाजपा ने ही किया है। बहरहाल, आपका दायित्व है कि अब दलगत राजनीति से उठकर सभी को संरक्षण दें। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में पिछले एक साल में 250 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया गया। वहीं कई नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया है। नक्सलियों के कैंपों तक सुरक्षा बल के जवान पहुंच कर नक्सलियों को पीछे धकेल रहे हैं।

### सिविल लाइंस में आज ध्वज फहराएंगे विधायक सोनी



रायपुर। छत्तीसगढ़ उत्कल सोशल वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी के तत्वावधान में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह प्रातः 8 बजे स्क्वाड्रन लीडर सुरेश मिश्रा चौक सिविल लाइंस कटोरा तालाब रायपुर में मनाया जाएगा। संस्था के महासचिव जनकराम तांडी ने बताया कि इस अवसर पर विधायक सुनील सोनी झण्डा फहराएंगे। इस दौरान संस्था के प्रदेश अध्यक्ष हनुमंत बाग, मुकेश पंजवानी, निशा प्रधान, कुंदन प्रधान एवं सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### अंजली को पीएचडी

रायपुर। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने अंजली खलखो को कला संकाय के अंतर्गत हिंदी में 'मृदुला गर्ग के नारी-पात्रों पर पाश्चात्य जीवन-मूल्यों का प्रभाव (उपन्यासों के संदर्भ में)' विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ. कल्पना मिश्रा के निर्देशन में शोध केंद्र शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय से किया है।

# गैस एजेंसी में छापा, मिली कई गड़बड़ियां, विभाग ने कहा- जांच कर करेंगे कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कोटा स्थित गैस सर्विस के गोदाम में शनिवार को खाद्य विभाग की टीम ने छापा मारा। सूत्रों के अनुसार इस दौरान गोदाम में ऑनलाइन और मौके पर मिले सिलेंडरों के स्टॉक में कुछ अंतर तथा एंट्री बोर्ड में नियम के तहत स्टॉक की जानकारी होना नहीं पाई गई है। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जो गड़बड़ी मिली है, उसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य विभाग की गैस एजेंसियों द्वारा की जा रही गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए टीमें बनाई हुई है। इसके तहत टीम एजेंसियों के दफ्तर से लेकर गोदामों में जांच कर रही है। इसी कड़ी में टीम ने कोटा स्थित गैस सर्विस एजेंसी के गोदाम पहुंची। इस गोदाम में सिलेंडरों का खेप आता है और यहीं से होम डिलीवरी कराने वालों के घर-घर सिलेंडर भेजने से लेकर होम डिलीवरी नहीं कराने वाले उपभोक्ता भी सिलेंडर यहीं से उठाते हैं। टीम ने औचक निरीक्षण करते हुए यहां कमर्शियल और घरेलू भरे और खाली सिलेंडरों के स्टॉक से लेकर एंट्री बोर्ड, रजिस्टर में एंट्री, कटे बिलों का मिलान भी किया।

सूत्रों के अनुसार इस जांच में कंपनी द्वारा भेजे गए सिलेंडरों और डिलीवरी किए गए सिलेंडरों में अंतर पाया गया है, साथ ही एंट्री बोर्ड में भी स्टॉक, डिलीवरी हुए सिलेंडरों की एंट्री नहीं पाई गई। इस तरह गोदाम में कई तरह की गड़बड़ियां पाई गई। इधर इस मामले में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि गड़बड़ियों की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही इस मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी।

## गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए टीम का गठन



### 2 जुलाई को गठित की गई टीमें

गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर जांच करने के लिए 2 जुलाई को कलेक्टोरेट में बैठक हुई थी। इस बैठक में सभी गैस कंपनियों के अधिकारियों के साथ गैस डीलरों को भी बुलाया गया था। बैठक में सभी कंपनियों और डीलरों को निर्देशित दिया गया था कि घरेलू और कमर्शियल उपभोक्ताओं को कार्ड के अनुसार ही सिलेंडरों की डिलीवरी कराए। बिना कार्ड के उपभोक्ता को सिलेंडर देने पर इसे अवैध माना जाएगा। इसके अलावा कंपनियों और एजेंसियों को अन्य सभी नियमों का भी पालन करने के निर्देश दिए गए थे। इस बैठक में विभागीय अधिकारियों को टीम बनाकर गैस एजेंसियों की नियमित जांच करने से लेकर छोटे-बड़े होटलों की जांच करने के भी निर्देश दिए थे। कई होटलों में 100 किलोग्राम से अधिक गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है, जबकि इसके लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है।

# कंगाले ने कहा- निर्वाचन में महिला मतदाताओं की सहभागिता बढ़ना हम सबके लिए गर्व की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह गर्व की बात है कि निर्वाचन के प्रति महिला मतदाताओं में जागरूकता बढ़ी है। पूर्व में हुए लोकसभा चुनाव में जहां पहले महिलाओं की संख्या पुरुषों कि तुलना में कम थी, वहीं इस लोक सभा चुनाव में 1000 पुरुषों की तुलना में 1024 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में हुए सफल निर्वाचन में फ्रंटलाइन वर्करों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। चुनाव प्रबंधन के लिए छत्तीसगढ़ को देश मे बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का अवॉर्ड दिया गया है। इसमें हमारे प्रशासनिक अमले का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हम सभी के लिए गर्व की बात है।

- निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त अजय कुमार सिंह ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में कहा, हमारे देश के संविधान में निष्पक्ष चुनाव के लिए अनेक प्रावधान किए गए है। लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाताओं की निर्वाचन में जितनी अधिक संख्या में सहभागिता रहेगी उतना ही लोकतंत्र सशक्त होगा। मतदाता दिवस के आयोजन का उद्देश्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है।

### लोकतंत्र को मजबूत करने प्रत्येक मतदाता महत्वपूर्ण : रीता

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष रीता शांडिल्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मतदान एक नागरिक का अधिकार और कर्तव्य दोनों है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं और विकास की दिशा को तय करते है। इसलिए सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और देश के समग्र विकास में योगदान देना चाहिए। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक मतदाता का मत महत्वपूर्ण है।





### उप जिला निर्वाचन अधिकारी भी हुए सम्मानित

लोकसभा चुनाव में उत्कृष्ट उप जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में पुरस्कृत अधिकारियों में रायपुर उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, सरगुजा उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, सुकमा उप जिला निर्वाचन गजेंद्र सिंह ठाकुर शामिल है। उत्कृष्ट निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पुरस्कार हेतु संभागवार दुर्ग संभाग जिला राजनांदगांव से इंदिरा नवनी सिंह, रायपुर संभाग के धमतरी जिले से डॉ. विभोर अग्रवाल, बस्तर संभाग से कोण्डागांव जिले से अंकित चौहान, सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले से ललिता भगत एवं बिलासपुर संभाग अंतर्गत बिलासपुर जिले से बजरंग वर्मा को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार उत्कृष्ट 5 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को भी संभागवार सम्मानित किया गया। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के उत्कृष्ट सम्पादन हेतु निर्वाचन पर्यवेक्षक , संभागवार 5 सहायक प्रोग्रामर, 5 डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, 8 बूथ लेवल ऑफिसर को सम्मानित किया गया।

### मास्टर ट्रेनर भी हुए पुरस्कृत

उत्कृष्ट राष्ट्रीय स्तरीय मास्टर ट्रेनर पुरस्कार हेतु यूएस अग्रवाल, प्रणव सिंह, पुलक भट्टाचार्य, सुनील शर्मा, गीता दीवान, डॉ. केआरआर सिंह, उज्ज्वल पोरवाल को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार उत्कृष्ट राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के लिए अपूर्व प्रियेश टोप्पो, विनय अग्रवाल, रूपेश कुमार वर्मा, शारदा अग्रवाल, विनोद अगलावे, असीम थवाईत को पुरस्कृत किया गया।

### ये अधिकारी हुए सम्मानित

मतदाता दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नव मतदाताओं, सर्विस वोटरों और निर्वाचन कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेय गोयल को प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 में सर्वाधिक 81.66 प्रतिशत मतदान कराए जाने, दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को शहरी क्षेत्र होने के बावजूद विगत लोकसभा चुनाव की तुलना में वर्ष 2024 में लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में 2.48 प्रतिशत वृद्धि, दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होते हुए भी विगत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में लोकसभा निर्वाचन 2024 में 10.39 प्रतिशत वृद्धि के लिए उत्कृष्ट जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में सम्मानित किया गया। रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्य उत्कृष्ट तरीके से संपन्न कराने, राजनांदगांव जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह को गुणवत्ता पूर्ण स्वीप गतिविधियां आयोजित करने और मुंगेली जिले के जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडे को प्रवासी मजदूरों को मतदान के लिए प्रेरित करने संबंधी स्वीप गतिविधियों के लिए स्पेशल अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# तीन माह का वेतन नहीं जिला अस्पताल के सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठेका एजेंसी के तहत जिला अस्पताल में सफाई कर्मचारियों ने तीन माह का वेतन नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। अस्पताल परिसर में प्रदर्शन के दौरान उन्हें एजेंसी के गुर्गों द्वारा दुर्व्यवहार करने की शिकायत भी की है। उनके प्रदर्शन के दौरान काफी देर तक अस्पताल की सफाई व्यवस्था प्रभावित रही।

- ठेका एजेंसी पर मनमानी का आरोप दुर्व्यवहार की शिकायत भी

प्रदेश के ज्यादातर अस्पतालों में सफाई व्यवस्था आउटसोर्सिंग पर निर्भर है और एक बड़ी एजेंसी के पास जिला अस्पताल से लेकर मेडिकल कालेज तक सफाई और सुरक्षा की जिम्मेदारी है। शनिवार को जिला अस्पताल कालीबाड़ी के एमसीएच में कार्यरत महिला सफाई कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया। उनका आरोप था एजेंसी द्वारा उन्हें चार माह से वेतन नहीं दिया जा रहा था। काफी कोशिश के बाद कल उन्हें केवल एक माह का भुगतान किया गया। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि तीन माह का वेतन पेंडिंग होने की वजह से उनकी माली हालत खराब होने लगी है। उल्टे इस मामले में चर्चा करने पर ठेकेदार के गुर्गे उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी देते हैं और दुर्व्यवहार करते हैं। सफाई कर्मचारी के इस विरोध प्रदर्शन का समर्थन करने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल वहां पहुंचा था। उनके द्वारा कर्मचारियों को मांगों के लिए अस्पताल की व्यवस्था को प्रभावित नहीं करने का निवेदन किया, तो वे मान गए।

## जनता ने किया नगर निगम चुनाव बहिष्कार का ऐलान

रायपुर। मतदाता दिवस के दिन राजधानी में दलदल सिवनी स्थित पीएम आवास के निवासियों ने निकाय चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। लंबे समय से पानी, निकास नाली की समस्या सहित अन्य समस्याओं की अनदेखी से नाराज दलदल सिवनी पीएम आवास कालोनी के लोगों ने कालोनी के बाहर बाकायदा चुनाव बहिष्कार का बैनर लगाकर प्रदर्शन किया। दरअसल, नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित दलदल सिवनी पीएम आवास कालोनी में रहने वाले एक अरसे से पानी सहित अन्य समस्याओं की अनदेखी से नाराज हैं। लोगों का कहना है कि उनके यहां पीने के पानी की समस्या विकट है। इसके लिए उन्होंने जोन 9 कमिश्नरी, निगम मुख्यालय और कलेक्टोरेट में भी विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्या दूर करने की मांग की, लेकिन पेयजल की व्यवस्था अब तक सुधर नहीं पाई।













### देशभक्ति गीतों से सजेगी गीत-संगीत की महफिल

रायपुर। हेमंत कुमार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मायाराम सुरजन हॉल में देशभक्ति एवं फिल्मी गीतों का आयोजन किया गया है। इस प्रोग्राम में शहर के जाने माने गायक, गायिका, संगीतप्रेमी नागरिक शामिल रहेंगे।

कार्यक्रम में रायपुर व छत्तीसगढ़ के जाने-माने गायक, गायिका किट्टू सिन्हा, पल्लवी राव, भूमि सागर, तृप्ति श्रीवास्तव, अंजू त्रिपाठी, नीलिमा सारथी, हेमंत कुमार, मोहनलाल अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का संचालन शहर के जाने-माने एंकर व समाजसेवी लक्ष्मीनारायण लाहोटी व श्रेया श्रीवास्तव द्वारा किया जाएगा। आयोजक और डायरेक्टर हेमंत कुमार ने अधिकाधिक संख्या में लोगों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

